उज्जैन
गुरुवार
17
सितम्बर, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-314
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ इंदौर में आज से सेवा संकल्प अभियान: प्रज्जवलित होंगे 2.51 लाख दीप
7 ▸ भारत में पहला मैच खेल सकते हैं वैभव अफगानिस्तान से तीसरा टी-20 आज



## सुशांत सिंह राजपूत के कातिल अब पकड़े जाएंगे

### एक्टर के एमएलए भाई बोले- उद्धव सरकार ने सबूत मिटाए दिशा सालियान केस में सीबीआई ने की है एफआईआर

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ सहरसा**

एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत के मामले में सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2 सितंबर को दिशा के पिता की याचिका पर सीबीआई जांच के निर्देश दिए थे। एफआईआर दर्ज होने के बाद एक्टर सुशांत सिंह के चचेरे भाई और बीजेपी विधायक नीरज बब्लू ने दावा किया है कि अगर दिशा के हत्यारे पकड़े जाते हैं, तो सुशांत की हत्या का राज भी खुल जाएगा। नीरज बबलू ने आरोप लगाया कि उस वक्त महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की सरकार थी, जो उनके खिलाफ थी। उन्होंने जानबूझकर दोनों हत्याओं के मामलों को दबाने का काम किया। जब बिहार में सीबीआई जांच की मांग उठी, तब तक वहां सभी सबूत मिटा दिए गए थे और तथ्य छिपा लिए गए थे। पूर्व मंत्री ने बताया कि उस समय दिशा सालियान के पिता सदमे में थे, लेकिन महाराष्ट्र में सरकार बदलने और बीजेपी के सत्ता में आने के बाद उन्हें सुरक्षा और न्याय की उम्मीद जगी। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट का रुख किया। अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने जांच बढ़ाते हुए एफआईआर दर्ज कर ली है।

## देश

- जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में 2 आतंकियों का एनकाउंटर, दोनों के पाकिस्तानी होने का शक, सुरक्षाबलों का ऑपरेशन कल रात से जारी
- मनोज जरांगे ने 20 दिन बाद भूख हड़ताल खत्म की, महाराष्ट्र सरकार को 3 महीने का समय दिया, मराठा आरक्षण की मांग कर रहे
- दिल्ली में 1.5 करोड़ की लूट मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार, करीब 1 करोड़ कैश बरामद
- 100 साल पुराने मंदिर में खजाना खोज रहे थे बदमाश, झांसी में आधी रात एक घंटे खुदाई की, मेटल डिटेक्टर से चेक किया, 5 पकड़े गए
- लखनऊ की सड़क पर मिली 9 साल बाद बिछड़ी मां, बेटा लिपटकर रोने लगा, बोला- भगवान ने मेरी प्रार्थना सुन ली पकड़े गए
- भारत ने पाक-चीन सीमा आयोग को खारिज किया, कहा- जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न हिस्सा, पाकिस्तान अवैध कब्जा छोड़े

## विदेश

- अमेरिका को छोड़कर कनाडा अब यूरोप के साथ आएगा, यूरोपीय संघ का पहला एसोसिएट मेंबर बनेगा, ब्रिटेन-यूक्रेन के साथ मिलकर सुरक्षा मजबूत करेगा
- अमेरिका से पैसा निकालने लगे दुनिया के बड़े निवेशक, 40 ट्रिलियन डॉलर के कर्ज से बढ़ी चिंता, सोना खरीद रहे, चीन में निवेश बढ़ा रहे
- अमेरिका में एआई को लेकर तीन खेमे, मस्क को सभ्यता मिटने का डर, ट्रम्प को चीन से पिछड़ने की चिंता, तीसरा पक्ष इंसानी कंट्रोल चाहता
- बमबारी से गाजा में 7 मंजिला इमारत जमींदोज, 20 लोगों की मौत, 100 से ज्यादा लोगों के दबे होने की आशंका

## व्यापार

- बेसिक सैलरी 25 हजार रुपये या कम, तो पीएफ जरूर कटेगा, मंडी में प्याज 9 दिन में 9% सस्ती हुई, सोने की हॉलमार्किंग 67% महंगी
- मंडी में प्याज 9 दिन में 9% सस्ती हुई, सरकार 35 रु. किलो बेच रही, रिटेल मार्केट में 53.92 रु. किलो पहुंची

## कार्टून..




### शहर की सीमा पर नजर आते मदिरालय

# धार्मिक नगरी उज्जैन में श्रद्धालुओं का हर प्रमुख प्रवेश मार्गों पर स्वागत... शराब से!

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

बाबा महाकाल की नगरी में देशभर से श्रद्धालु आस्था लेकर पहुंचते हैं। शहर में प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए धार्मिक स्थलों, महाकाल लोक और उज्जैन की आध्यात्मिक पहचान को प्रमुखता से प्रस्तुत किया जाता है, लेकिन शहर की सीमा और प्रमुख प्रवेश मार्गों पर पहुंचते ही एक अलग ही तस्वीर सामने आती है। यहां श्रद्धालुओं का सामना धार्मिक वातावरण के बजाय शराब की दुकानों और मदिरालयों से होता है।

धार्मिक नगरी की पहचान को देखते हुए शहर के अंदर से कई शराब दुकानों को हटाकर नगर सीमा के बाहर किए जाने की




बात कही गई थी। इसके पीछे तर्क यही था कि श्रद्धालुओं को शहर में प्रवेश करते समय धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव हो। लेकिन प्रवेश मार्गों पर ही शराब दुकानों की मौजूदगी इस पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े करती दिखाई देती है।

### धार्मिक पर्यटन बनाम मदिरालयों की मौजूदगी

उज्जैन में महाकाल लोक, महाकालेश्वर मंदिर और अन्य धार्मिक स्थलों के कारण वर्षभर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। प्रशासन शहर को धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। ऐसे में शहर के प्रवेश मार्गों की दृश्यता और वातावरण को लेकर भी उसी गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। श्रद्धालुओं का कहना है कि शहर की पहचान जिस आस्था से है, उसके अनुरूप प्रवेश मार्ग भी दिखाई देना चाहिए। धार्मिक नगरी में आने वाले व्यक्ति को सबसे पहले मंदिरों, धर्म और संस्कृति की झलक मिले, न कि मदिरालयों की। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मुद्दे को केवल शराब दुकानों के नियम-कायदे तक सीमित रखता है या फिर उज्जैन की धार्मिक पहचान और श्रद्धालुओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रवेश मार्गों की पूरी व्यवस्था की समीक्षा करता है।

### महाकाल की नगरी में प्रवेश और सामने मदिरालय

उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं के लिए शहर के प्रमुख प्रवेश मार्ग केवल आवागमन के रास्ते नहीं हैं, बल्कि धार्मिक नगरी की पहली छवि भी बनाते हैं। ऐसे में यदि इन्हीं मार्गों पर शराब की दुकानें अथवा मदिरालय नजर आएं तो स्वाभाविक रूप से यह सवाल उठता है कि पवित्र नगरी में श्रद्धालुओं का स्वागत आखिर किस छवि के साथ हो रहा है? एक ओर प्रशासन उज्जैन को धार्मिक पर्यटन का बड़ा केंद्र बनाने, श्रद्धालुओं की सुविधाएं बढ़ाने और शहर की धार्मिक पहचान को विश्वस्तर पर स्थापित करने की योजनाएं बना रहा है, वहीं दूसरी ओर प्रवेश मार्गों पर शराब कारोबार की मौजूदगी इन प्रयासों के विपरीत तस्वीर प्रस्तुत करती है।

### नियमों की आड़ में व्यवस्था जमीन पर अलग तस्वीर?

शराब दुकानों को लेकर निर्धारित नियमों में दुकान के स्थान, दृश्यता और हाईवे से संबंधित विभिन्न प्रावधान हैं। अब सवाल यह है कि इन नियमों का पालन जमीन पर किस तरह हो रहा है। यदि शर्त यह है कि शराब दुकान सीधे हाईवे से दिखाई नहीं देनी चाहिए, तो प्रवेश मार्गों पर स्थित दुकानों की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण कौन कर रहा है?
आबकारी विभाग, एमपीआरडीसी और एनएचएआई के बीच जिम्मेदारियों की स्थिति भी स्पष्ट होना जरूरी है। धार्मिक नगरी की सीमा पर आने वाले श्रद्धालुओं को शराब की दुकानें दिखाई देंगी या नहीं—इसका जवाब केवल कागजों में नहीं, बल्कि मौके की स्थिति देखकर मिलना चाहिए।

### तीन सालों में समिति की एक ही बैठक हो सकी, कानून का मसौदा कब बनेगा विधायक को भी नहीं मिला जवाब

# प्रदेश सरकार पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर समिति में अटकी, संभागीय समितियां भी नहीं बनी

### पत्रकार संगठनों की मांग बरकरार, बराबर समय पर तहसील से लेकर प्रदेश तक दे रहे ज्ञापन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**

पत्रकारों की समुचित सुरक्षा को लेकर कानून बनाए जाने को लेकर प्रदेश सरकार के रास्ते में संभवतः रोडा नहीं बड़ी चट्टान सामने है जिसके चलते पिछले 3 सालों में न तो पत्रकारों के सुरक्षा कानून का मसौदा सामने आ सका है और न ही संभागीय स्तर पर बनने वाली समितियां ही बनाई जा रही है। हाल यह है कि इस मामले के विधानसभा में उठने के बाद भी कुछ नहीं हुआ जस के तस हाल बने हुए हैं। पत्रकार संगठनों की मांग बरकरार है और तहसील से लेकर प्रदेश स्तर तक ज्ञापनों की संख्या बढ़ रही है।

प्रदेश के श्रमजीवी पत्रकारों की ओर से चाहे इस मांग को लेकर ज्ञापनों की संख्या बराबर बनी हुई है लेकिन वर्ष 2023 में उनकी सुरक्षा के कानून बनाने को लेकर मसौदा बनाने वाली समिति की बैठक एक से आगे नहीं बढ़ सकी है। इस समिति को महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ में बने कानूनों का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट सरकार को देना थी। इस मामले में विधानसभा में कुछ माह पूर्व मंदसौर के विधायक विपिन जैन ने सरकार के समक्ष ध्यान आकर्षित करते हुए प्रश्न उठाए थे लेकिन उसके बाद भी मामला जहां और जैसा था वैसा ही है। बकौल विधायक विपिन जैन मैंने पत्रकारों की सुरक्षा के मसले को धरातल से अध्ययन के बाद सदन के समक्ष रखा था। तीन साल में मात्र एक बैठक समिति की सामने आई है। सवाल उठाने के बाद भी सरकार की गंभीरता इस मुद्दे पर सवालों के दायरे में है। इस मुद्दे पर फिर सरकार से सदन में बात की जाएगी।

**समिति की मात्र एक बैठक-** तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पत्रकार समागम में 7 सितंबर 2023 को पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने को लेकर घोषणा की थी। इसे लेकर 25 सितंबर 2023 को गृह विभाग ने नोटिफिकेशन जारी किया। इसके तहत एक




5 सदस्यीय समिति बनाई गई जिसे 2 महीने में रिपोर्ट देना था। समिति को अन्य राज्यों (महाराष्ट्र) के कानून का अध्ययन करके अपनी रिपोर्ट सरकार को देना थी। 5 सदस्यीय समिति में अध्यक्ष – डॉ. राजेश राजौरा, तत्कालीन अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग बनाए गए थे। सदस्यों में – प्रमुख सचिव, विधि एवं विधायी कार्य विभाग, सचिव, जनसंपर्क विभाग जिन्हें समिति का सचिव दायित्व भी दिया गया था के साथ प्रतिनिधि, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय, भोपाल,वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव नामित सदस्य थे। समिति की 5 अक्टूबर 2023 को वल्लभ भवन, भोपाल में प्रारंभिक बैठक हुई थी जिसमें तय हुआ था कि महाराष्ट्र के कानून की कॉपी मंगाई जाएगी। इसके उपरांत विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लग गई। बाद में पूरा मामला ही नई सरकार के आने के बाद से जस का तस है। इसके बाद वर्ष 2024-26 कोई नई समिति नहीं बनी, कोई रिपोर्ट विधानसभा में नहीं आई। मार्च 2025 में विधानसभा में कांग्रेस विधायक विपिन जैन ने सवाल उठाया तो सरकार ने जवाब दिया – अन्य राज्यों के कानूनों का अध्ययन किया जा रहा है।

### पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ में सालों हुए

पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर देश के 28 में से मात्र 2 राज्यों में ही यह कानून लागू किया गया है। पडोस के राज्य महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश से अलग हुए छत्तीसगढ़ में संजीदा तौर पर विचार किया गया और महाराष्ट्र ने 7 अप्रैल 2017 से इस कानून को बनाकर लागू कर दिया। इसे महाराष्ट्र मीडियाकर्मी और मीडिया संस्थान (हिंसा और संपत्ति को नुकसान या हानि की रोकथाम) अधिनियम, 2017 नाम दिया गया। इसमें वहां के पत्रकार पर हमला संज्ञेय और गैर-जमानती अपराध, 3 साल जेल + 50,000 जुर्माना, जांच उप पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को करने के प्रावधान किए गए। महाराष्ट्र देश का पहला राज्य बना जहां इस तरह का कानून लागू किया गया। कभी मध्यप्रदेश का अंग एवं वर्तमान में प्रथम प्रदेश छत्तीसगढ़ ने भी मामले पर गंभीरता दिखाई और 22 मार्च 2023 को विधानसभा में छत्तीसगढ़ मीडियाकर्मी संरक्षण विधेयक, 2023 पास किया गया। इसे बनाने के लिए छत्तीसगढ़ में जस्टिस आफताब आलम कमेटी 2019 में बनी थी। पत्रकारों के लिए कानून बनाने वाला ये दूसरा राज्य बना।

### विधानसभा में विधायक के पूरक प्रश्न

मार्च 2025 में मंदसौर विधायक विपिन जैन ने इस मुद्दे को उठाया था। पूरक प्रश्न करते हुए उन्होंने पूछा था कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ होता है। अपनी जान की परवाह किए बिना जनता की आवाज उठाता है व निष्पक्ष रिपोर्टिंग करता है। आए दिन हम खबरों में देखते हैं कि पत्रकारों के ऊपर हमले होते हैं, इन्हें जान से मारने की धमकियां दी जाती हैं। कई पत्रकारों की हत्या भी हो गई है। आज के दौर में पत्रकारिता करना कठिन काम है। पत्रकार अपनी जान की परवाह किए बिना खबरों का कवरेज करता है। पक्ष और विपक्ष की कमजोरियों को बताकर समाज और जनता के बीच में संतुलन भी करता है। माननीय मंत्री जी ने बताया है कि 2023 में एक मीटिंग हुई थी पत्रकार सुरक्षा कानून के संबंध में और अन्य राज्यों के संबंधित कानून बनाने के लिए, अन्य राज्यों में लागू कानून के अध्ययन एवं इस क्षेत्र के विशेष सुझाव प्राप्त होने के पश्चात प्रारूप तैयार करेंगे। मैं माननीय मंत्री जी से आपके माध्यम से पूछना चाहता हूं कि यह पत्रकार सुरक्षा कानून कब तक लागू हो जाएगा और 2023 में जो मीटिंग हुई थी उसके बाद अभी तक क्या इस पर निर्णय हुआ, यह बताने की कृपा करें।

### सरकार की और से मंत्री श्री लोधी का जवाब

विधायक के पूरक प्रश्नों के जवाब में राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी ने पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर जवाब देते हुए कहा था कि जैसा कि हम सब जानते हैं कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। भारत के संविधान में भी स्वतंत्रता के अधिकार के अंतर्गत प्रेस को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रदान की गई है। इसके साथ ही भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में भी सुरक्षात्मक उपबंध किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हमारी सरकार पत्रकारों की समुचित सुरक्षा और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। जैसा कि बताया जा चुका है कि इस पत्रकार सुरक्षा संबंधी कानून बनाने के लिए अन्य राज्यों के कानूनों का अध्ययन किया जा रहा है और विषय विशेषज्ञों से सुझाव भी प्राप्त किए जा रहे हैं। इन सब के अध्ययन और परीक्षण के उपरांत सरकार इस संबंध में निर्णय लेगी। हमारी सरकार पत्रकारों के सम्मान और सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पत्रकार सुरक्षा कानून के संबंध में प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। इसके उपरांत प्रश्नकाल समाप्त होने के कारण अध्यक्ष ने व्यवस्था दी थी कि शेष उततर से सदस्य को अवगत करा देना।

### संभागीय समितियां भी गायब

पिछले तीन सालों में प्रदेश में पत्रकारों को लेकर जनसंपर्क विभाग की और से बनाए जाने वाली संभागीय अधिमान्यता समितियां भी सिरे से ही गायब है। इन वर्षों में युवा पत्रकारों के अधिमान्यता के मामले बराबर अटके हुए हैं। पूर्व में समिति की बैठकों में युवा पत्रकारों को अधिमान्यता दिए जाने के प्रस्ताव की अनुशंसा की जाती थी। पिछले कुछ वर्षों से अधिमान्यता के आवेदन ऑनलाइन होने पर वे सीधे विभागीय मुख्यालय पर ही पहुंचते हैं। जिलों में अधिकारी भी उससे अनभिज्ञ रहते हैं। ऐसे में आवेदनों को लेकर निरंतर निदान की स्थिति अटकी हुई है।

### पीएम मोदी का 76वां बर्थडे

# देशभर में जलेंगे 'आशीर्वाद के दीये'



मप्र में 58 लाख, हरियाणा में 80 लाख दीये की तैयारी

1300किमी की बाइक यात्रा की शुरूआत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

पीएम मोदी गुरुवार को 76 साल के हो जाएंगे। इस मौके पर देशभर में शाम 6-7 बजे तक 'आशीर्वाद के दीये' जलाए जाएंगे। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोशल मीडिया के जरिए देशवासियों से घर के बाहर दीये जलाने की अपील की थी।

मध्य प्रदेश में 58 लाख, छत्तीसगढ़ में 36 लाख, हरियाणा में 79.52 लाख और पश्चिम बंगाल में 70 लाख दिए जलाने की तैयारी है। इसके अलावा मोदी के जन्मस्थान वडनगर और लोकसभा क्षेत्र वाराणसी के बीच करीब 1300 किमी की बाइक दो बाइक यात्रा निकाली जाएंगी। एक यात्रा वडनगर से बनारस आएगी, इसी के साथ उसी दिन बनारस से वडनगर के लिए भी यात्रा निकलेगी। करीब 1,000 युवा, 10 राज्य और 193 जिले इस यात्रा से जुड़ेंगे। यात्रा का समापन 7 अक्टूबर को होगा।

**उज्जैन में तीन मिनट में जलेंगे 25 लाख दीपक, 26000 लोग करेंगे शिप्रा को जगमग-** एमपी में कुल 58 लाख दिए जलाने की तैयारी है। सिर्फ उज्जैन में 25 लाख से ज्यादा दिए जलाए जाएंगे। हर ब्लॉक में 225 दीप सजाए जाएंगे। इन्हें जलाने के लिए सिर्फ दो वॉलंटियर्स होंगे। एक वॉलंटियर को करीब 112 दीप जलाने होंगे। दोनों को मिलकर एक ब्लॉक के सभी दीप महज 3 मिनट में जलाने हैं। इसी रफ्तार से शिप्रा तट के अलग-अलग घाटों पर दीप एक साथ जगमगाएंगे।

### ओडिसा में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुआ हादसा

# 6 जिलों में डूबने से 12 की मौत

### इनमें 6 बच्चे भी शामिल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ ओडिसा**

ओडिशा में बुधवार को छह अलग-अलग घटनाओं में 12 लोगों की डूबने से मौत हो गई। इनमें छह बच्चे शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, ज्यादातर हादसे गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए। ये घटनाएं जगतसिंहपुर, सुंदरगढ़, गंजाम, जगतसिंहपुर, भद्रक और कोरापुट जिलों में हुईं।

जगतसिंहपुर जिले में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान चार युवक नदी के तेज बहाव में बह गए। फायर सर्विस के जवानों ने चारों के शव निकाले। मृतकों की पहचान मनोजित स्वैन, स्वप्नजीत बारिक, रश्मिरंजन नायक और जगन्नाथ पालेई के रूप में हुई है। चारों की उम्र 20 वर्ष के आसपास थी।

### 14 साल के 3 बच्चे नदी-तालाब में डूबे

गंजाम जिले की घोड़ाहाड़ नदी में बुधवार दोपहर को गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान डूबने से 14 साल के 2 बच्चों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान आदर्श साहू और प्रीतम सामेली के रूप में हुई है।

### पूजा के लिए रेत लेने पहुंची थी तीनों बच्चियां

- सुंदरगढ़ जिले के रायबोगा थाना क्षेत्र के सालंगाबहाल गांव में शंख नदी में तीन बच्चियां डूब गईं। ये बच्चियां करमा पूजा के लिए नदी की रेत लाने आई थीं। पैर फिसलने से एक बच्ची नदी में जा गिरी, उसे बचाने के दो अन्य कूदीं और तीनों की मौत हो गई।
- मृतकों की पहचान 6 वर्षीय गीतिका साहू, 6 वर्षीय सिबिका साहू और 8 वर्षीय श्रुति साहू के रूप में हुई है। तीनों मजहाटोली की रहने वाली थीं। तीनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं।
- पुलिस के अनुसार, भद्रक और कोरापुट जिलों में भी गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान डूबने से 2 लोगों की मौत हुई है।

दोनों बच्चे विसर्जन के लिए आए थे और गहरे पानी में जाने से डूब गए।

इसी जिले के दिगपहांडी थाना क्षेत्र में सुबह 10 बजे गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान 8वीं क्लास का एक स्टूडेंट तालाब में डूब गया। उसे दिगपहांडी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सितांशु जेना (14) के रूप में हुई है।

## भारत पर 100% टैरिफ लगा सकेंगे ट्रम्प

### रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर एक्शन का अधिकार मिला, अमेरिकी संसद में बिल पास

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन डीसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के लिए भारत पर 100% तक टैरिफ लगाने का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स ने बुधवार को रूस से सबसे ज्यादा तेल खरीदने वाले 5 देशों पर 100% तक टैरिफ लगाने वाला बिल पास किया। बिल के पक्ष में 262 और विरोध में 159 वोट पड़े। बिल अब व्हाइट हाउस जाएगा। ट्रम्प के साइन करते ही यह कानून बन जाएगा। इसे आधिकारिक तौर पर लिंडसे ओ ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026 नाम दिया गया है। मौजूदा सूची में चीन, भारत, स्लोवाकिया, हंगरी और अजरबैजान शामिल हैं। हालांकि, अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि हर 180 दिन में इन 5 देशों की सूची का दोबारा आकलन करेंगे। भारत रूस से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल खरीदता है, इसलिए वह इसके दायरे में है। मंगलवार को हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव ने 214-211 वोट से बिल को अंतिम वोटिंग के लिए आगे बढ़ाया था। इससे पहले अमेरिकी सीनेट अगस्त में इसे 86-11 वोट से पास कर चुकी है।

# दीपक लगाने में विद्यार्थी परीक्षा की तैयारी ताक पर

### त्रैमासिक परीक्षा का पेपर कल और विद्यार्थी नदी पर

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

शासन शिक्षा को लेकर कितना जागरूक है इसका आंकलन इसी से किया जा सकता है कि शहर के शासकीय विद्यालयों में आजकल त्रैमासिक परीक्षाएं चल रही हैं और कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों का शुक्रवार को गणित का पर्चा है इसके बावजूद विद्यार्थी आज दोपहर से ही शिप्रातट पर दीपक लगाने मे लगे रहेंगे। शिक्षा विभाग के अधिकारियो की अनदेखी से ये विषम स्थिति निर्मित होती दिख रही है। शुक्रवार को गणित जैसे महत्वपूर्ण विषय का पेपर है और एक दिन पहले दसवीं का छात्र पढ़ाई से दूर रहकर कई घंटों तक सरकारी कार्यक्रम में बतौर वालेंटियर तैनात रहेगा।

**कई घंटे का समय जाया-** शासकीय स्कूलों मे आदेश के तहत सभी दसवीं के छात्रों को गुरूवार दोपहर ढाई बजे आवश्यक रूप से बुलाया गया है । नदी पर दीप प्रज्जवलन का प्रोग्राम शाम को है जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री करेंगे। ये कार्यक्रम लगभग 7 बजे तक चलेगा। विद्यार्थी लगभग आठ बजे तक घर पहुंच पाएगा और अगले दिन गणित का पेपर भी देगा ऐसे मे अनुमान लगाया जा सकता है कि थका हुआ विद्यार्थी कितनी तैयारी कर पाएगा और उसका पेपर कैसे अच्छा जा सकेगा।

### शिक्षा विभाग की लापरवाही



शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी शिक्षा को लेकर कितने गंभीर हैं इसका ये जीवंत प्रमाण है कि कार्यक्रम और छात्रों की उसमे सहभागिता की पूरी जानकारी होने पर भी परीक्षा के टाइम टेबल को संशोधित नहीं किया गया। बेहतर होता यदि दसवी की त्रैमासिक परीक्षा का गणित का पर्चा शुक्रवार की जगह शनिवार या सोमवार को रखा जाता अथवा दसवी के विद्यार्थियों को इस दीप प्रज्जवलन के कार्यक्रम से दूर रखा जाता। एक तरफ शिक्षा के उन्नयन का प्रचार ढोल पीट-पीटकर किया जाता है दूसरी तरफ विद्यार्थियों की पढ़ाई से खिलवाड़ किया जाता है।

## गणेश गैलरी



### मोदक से आकर्षक श्रृंगार

उज्जैन चक्रतीर्थ स्थित दसभुजानाथ गणेशजी के मंदिर मे बुधवार को मोदक से आकर्षक श्रृंगार किया गया। बप्पा के मोहक रूप के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता दिनभर लगा रहा। मंदिर के पुजारी हेमंत इंगले ने बताया कि वैसे तो बप्पा को प्रतिदिन श्रृंगारित किया जाता है किन्तु गणेशोत्सव के उपलक्ष मे विशेष श्रृंगार करते हैं। पूरे मंदिर परिसर को पचरंगी मोली( कलावे) की डोरी से सजाया गया।

### बजरंग दल-विहिप ने सौंपा ज्ञापन, खड़े हनुमान से सती दरवाजा तक भगवाध्वजों के साथ गूंजे जय श्रीराम-जय हनुमान के नारे

# खड़े हनुमान के विस्थापन के विरोध में उमड़ा जनसैलाब...

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

छत्री चौक स्थित प्राचीन खड़े हनुमान मंदिर के विस्थापन के विरोध में बुधवार को बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता-पदाधिकारी बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि विकास कार्यों के नाम पर खड़े हनुमान की प्राचीन प्रतिमा एवं मंदिर को वर्तमान स्थान से विस्थापित नहीं किया जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु और धर्मप्रेमी नागरिक भी समर्थन में पहुंचे।

प्रदर्शन के दौरान खड़े हनुमान से लेकर सती दरवाजा तक का मार्ग श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भरा नजर आया। बड़ी संख्या में लोग हाथों में भगवा ध्वज लेकर पहुंचे। पूरे मार्ग पर लगातार जय श्रीराम और जय हनुमान के जयघोष गूंजते रहे। भीड़ और भगवाध्वजों से पूरा क्षेत्र धार्मिक आस्था के रंग में रंगा नजर आया।



### प्रतिमा से छेड़छाड़ नहीं करने की शपथ

आंदोलन के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को खड़े हनुमान की प्रतिमा से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या विस्थापन की स्थिति में पीछे नहीं हटने की शपथ दिलाई गई। उपस्थित भक्तों ने खड़े हनुमान की प्रतिमा और मंदिर की रक्षा के लिए ह्यखून-पसीना बहानेह्न का संकल्प लिया। इस दौरान जय श्रीराम और जय हनुमान के नारों से वातावरण गूंज उठा।

### आस्था से जुड़ा है मंदिर, विस्थापन स्वीकार नहीं

विहिप और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कहा कि खड़े हनुमान उज्जैन की धार्मिक पहचान और श्रद्धा के प्रमुख केंद्रों में शामिल हैं। लंबे समय से श्रद्धालु यहां दर्शन-पूजन करते आ रहे हैं। ऐसे में किसी भी विकास योजना के कारण मंदिर अथवा प्रतिमा को विस्थापित किया जाना श्रद्धालुओं की भावनाओं से जुड़ा विषय है। कार्यकताओं ने प्रशासन से मांग की कि विकास योजना में ऐसा विकल्प निकाला जाए, जिससे सड़क अथवा अन्य निर्माण कार्य भी हो और खड़े हनुमान का वर्तमान स्थान भी सुरक्षित रहे। उनका कहना था कि विकास जरूरी है, लेकिन विकास की प्रक्रिया में शहर की धार्मिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों को सुरक्षित रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

### श्रद्धालुओं की भारी मौजूदगी बनी चर्चा का विषय

ज्ञापन के दौरान उमड़ी भीड़ शहर में चर्चा का विषय बनी रही। संगठन के पदाधिकारी और कार्यकताओं के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी मौके पर पहुंचे। खड़े हनुमान से सती दरवाजा तक लोगों की भीड़ नजर आई। कई श्रद्धालु भगवा ध्वज लेकर पहुंचे और लगातार धार्मिक जयघोष करते रहे।

### ज्ञापन में विकास का विकल्प तलाशने की मांग

बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने प्रशासन से खड़े हनुमान के विस्थापन की योजना रोकने, मंदिर की वर्तमान स्थिति सुरक्षित रखने तथा विकास कार्य के लिए वैकल्पिक व्यवस्था तलाशने की मांग की। पदाधिकारियों ने कहा कि किसी भी निर्णय में स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं की भावनाओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। कार्यकताओं ने कहा कि खड़े हनुमान केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि उज्जैन की धार्मिक आस्था और परंपरा से जुड़ा प्रमुख स्थल हैं।

## अपनेतक

### पेट्रोल नहीं खरीदते तो ई-स्कूटर में हवा भी नहीं?

शहर के पेट्रोल पंपों पर ई-स्कूटर चालकों को सुविधा देने से कतरा रहे कर्मचारी, वाहन चालक बोले-अजीब व्यवस्था है! शहर में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पेट्रोल-डीजल के विकल्प के रूप में लोग ई-स्कूटर और अन्य इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग कर रहे हैं, लेकिन इन वाहन चालकों को पेट्रोल पंपों पर एक ऐसी सुविधा के लिए भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जो सामान्य तौर पर वाहन चालकों के लिए उपलब्ध रहती है। शहर के कुछ पेट्रोल पंपों पर ई-स्कूटर लेकर पहुंचने वाले वाहन चालकों को टायर में हवा भरवाने में परेशानी हो रही है। आरोप है कि पेट्रोल नहीं खरीदने वाले ई-स्कूटर चालकों को हवा की सुविधा देने में कर्मचारी रुचि नहीं दिखाते। कई बार उन्हें यह कहकर टाल दिया जाता है कि यहां पेट्रोल-डीजल लेने वाले ग्राहकों के वाहनों को ही प्राथमिकता दी जाती है. ई-स्कूटर चालकों का कहना है कि यह स्थिति हैरान करने वाली है। पेट्रोल पंप भले ही पेट्रोल-डीजल बेचते हों, लेकिन वहां उपलब्ध हवा की सुविधा का इस्तेमाल केवल पेट्रोल खरीदने वालों तक सीमित करना उचित नहीं लगता। सड़क पर चलने वाले हर वाहन के लिए टायर में सही हवा सुरक्षा से जुड़ा विषय है। वाहन चालकों का सवाल है कि यदि कोई व्यक्ति पेट्रोल नहीं खरीदता तो क्या वह पेट्रोल पंप की अन्य सामान्य सुविधा का लाभ लेने का हकदार भी नहीं है?शहर में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों का चलन तेजी से बढ़ रहा है। आने वाले समय में इनकी संख्या और बढ़ने की संभावना है। ऐसे में पेट्रोल पंप संचालकों और कर्मचारियों को भी बदलते वाहन बाजार के अनुरूप अपनी ग्राहक सेवा की सोच बदलनी होगी। ई-स्कूटर चालक पेट्रोल तो नहीं खरीदता, लेकिन वह भी शहर की सड़क पर चलने वाला वाहन चालक है। टायर में हवा की जरूरत पेट्रोल इंजन और इलेक्ट्रिक वाहन के बीच कोई अंतर नहीं करती। यदि किसी पेट्रोल पंप पर हवा की सुविधा उपलब्ध है, तो उसके संचालन और उपयोग के स्पष्ट नियम होने चाहिए। सुविधा सभी वाहन चालकों के लिए है या केवल ईंधन खरीदने वाले ग्राहकों के लिए-यह स्पष्ट होना चाहिए। मनमाने ढंग से किसी वाहन चालक को सुविधा से वंचित करना उपभोक्ताओं के बीच भेदभाव की भावना पैदा करता है। ई-स्कूटर चालकों का कहना है कि पेट्रोल नहीं खरीदना उनकी मजबूरी या पसंद हो सकती है, लेकिन सड़क पर सुरक्षित चलने के लिए टायर में हवा तो हर वाहन को चाहिए।

# चौड़ीकरण के बाद भी कंठाल चौराहे की दुर्दशा बरकरार

### एक तरफ ई-रिक्शा, दूसरी ओर चारपहिया वाहन और ठेलों का कब्जा; पुलिस की मौजूदगी में भी सड़क पर खड़े हो रहे वाहन







ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहर के प्रमुख और व्यस्त कंठाल चौराहे का चौड़ीकरण होने के बाद उम्मीद थी कि यहां यातायात व्यवस्था सुचारु होगी और वाहन चालकों को आवागमन में राहत मिलेगी, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है। चौड़ीकरण के बावजूद चौराहे के आसपास सड़क पर ही वाहनों की पार्किंग और ठेलों के खड़े होने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

चौराहे के एक हिस्से में बड़ी संख्या में ई-रिक्शा खड़े दिखाई देते हैं, जबकि दूसरी तरफ चारपहिया वाहन सड़क किनारे पार्क किए जा रहे हैं। इसके अलावा ठेले भी सड़क के हिस्से में खड़े होने लगे हैं। स्थिति यह है कि दोपहिया वाहन भी जहां-तहां खड़े किए जा रहे हैं। इससे चौड़े किए गए मार्ग का एक बड़ा हिस्सा पार्किंग और अस्थायी कब्जे की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है।

### पुलिस की मौजूदगी में भी मनमानी पार्किंग

सबसे गंभीर स्थिति यह है कि सड़क किनारे वाहनों की यह अव्यवस्थित पार्किंग पुलिसकर्मियों की मौजूदगी के बावजूद दिखाई देती है। यातायात पुलिस की निगरानी वाले क्षेत्र में ही ई-रिक्शा, चारपहिया और दोपहिया वाहन खड़े होने से सवाल उठ रहा है कि चौड़ीकरण के बाद यातायात नियंत्रण की व्यवस्था आखिर कहां है। व्यस्त समय में जब चौराहे से वाहनों का दबाव बढ़ता है, तब सड़क के किनारे खड़े वाहन और ठेले आवागमन के लिए उपलब्ध स्थान को और कम कर देते हैं। परिणामस्वरूप वाहन चालकों को निकलने में परेशानी होती है और कई बार यातायात धीमा पड़ जाता है।

### चौड़ी सड़क फिर भी जाम जैसे हालात

चौराहे के चौड़ीकरण का उद्देश्य यातायात के दबाव को कम करना और वाहनों के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध कराना था। लेकिन यदि चौड़ीकरण के बाद मिली अतिरिक्त जगह का इस्तेमाल अनियंत्रित पार्किंग और ठेले खड़े करने में होने लगे तो चौड़ीकरण का उद्देश्य ही प्रभावित होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि केवल सड़क चौड़ी कर देने से यातायात व्यवस्था नहीं सुधरती। सड़क पर वाहनों की पार्किंग, ई-रिक्शा के खड़े होने और ठेलों को व्यवस्थित करने के लिए भी प्रभावी व्यवस्था जरूरी है। यदि चौराहे पर नो-पार्किंग क्षेत्र निर्धारित है तो उसका सख्ती से पालन कराया जाना चाहिए।

### व्यवस्था नहीं सुधरी तो चौड़ीकरण बेअसर

कंठाल चौराहे पर वर्तमान स्थिति देखकर ऐसा लगता है कि सड़क चौड़ी होने के बावजूद यातायात प्रबंधन में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। यदि इसी तरह सड़क किनारे वाहन और ठेले खड़े होते रहे तो आने वाले समय में यातायात का दबाव और बढ़ सकता है। अब जरूरत केवल चौड़ीकरण की नहीं, बल्कि चौड़ी की गई सड़क को अतिक्रमण और बेतरतीब पार्किंग से मुक्त रखने की है। यातायात पुलिस और संबंधित विभाग को चौराहे का नियमित निरीक्षण कर ई-रिक्शा, चारपहिया, दोपहिया वाहनों और ठेलों के लिए स्पष्ट व्यवस्था तय करनी होगी, तभी कंठाल चौराहे का चौड़ीकरण वास्तव में शहर के यातायात के लिए उपयोगी साबित होगा।

## 25 लाख दीपों से घाटों को आलोकित करने की तैयारियां जोरशोर से

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहर मे पुण्यसलीला शिप्रा के घाटों और महाकाल लोक को दीपों से जगमग करने को लेकर एक दिन पूर्व सभी अधिकारी ,कर्मचारी व वालेन्टियर्स भागीरथी प्रयास करते नजर आए। सात सेक्टरों मे विभाजित पूरे नदी क्षेत्र के विभिन्न घाटों पर ब्लाक मे निश्चित संख्या मे मिट्टी के दीपक जमाने का कार्य महिलाएं व पुरूष वालेन्टियर्स दिनभर करते रहे। महाकाल लोक के पास एक आयताकार ब्लाक मे लगभग 156 दीपक रखे गए। कुछ वालेन्टियर्स कार्टन बाक्स उठाकर निर्धारित स्थान पर रख रहे थे तो कुछ ब्लाक मे गिनकर दीपक रख रहे थे। शाम तक शिप्रा तट के भूखीमाता घाट, नृसिंह घाट, गुरूनानक घाट, दत्त अखाडा घाट, सुनहरी घाट, रामघाट व महाकाल लोक के बाहर सभी ब्लाक मे मिट्टी के दिये जमा दिए गए थे।

### कार्तिक मेला ग्राउंड पर दीपक पैकिंग

कार्तिक मेला ग्राउंड पर वालेन्टियर महिलाएं मिट्टी के दीपक को साफ करके बाक्स मे पैक करने मे व्यस्त नजर आईं।व्यापक पैमाने पर दीपक को गिनकर कार्टन बाक्स मे पैकिंग करती महिलाओं को देखकर किसी बडे उत्सव मे सामूहिक भागीदारी का दृश्य उपस्थित हो रहा था।

**सर्वधर्म समभाव की जीवंत झांकी-** कार्तिक मेला ग्राउंड के विशाल शामियाने मे एक छत तले सभी धर्म जाति की महिलाओं की सहभागिता देखकर हमारी साझी गंगा- जमुनी संस्कृति के दर्शन हो रहे थे। मुस्लिम महिलाएं अपने परंपरागत लिबास मे हिन्दू महिलाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दीप प्रज्जवलन के महाआयोजन को सफल बनाने के प्रयास मे सहभागिता करती दिखीं।

## महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ में उल्लास के साथ मना गणेश उत्सव और हिंदी दिवस

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

संस्कृति विभाग के अधीन महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ परिसर में गणेश उत्सव के साथ हिंदी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान महाआरती, सांस्कृतिक प्रस्तुति और हिंदी हस्ताक्षर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कला और साहित्य जगत की कई गणमान्य हस्तियों ने सहभागिता की। आयोजन के दूसरे दिन वरिष्ठ रंगकर्मी विजयेंद्र वर्मा और नीलम वर्मा ने भगवान श्री गणेश की आराधना की। वहीं, तीसरे दिन आयोजित भव्य महाआरती में राष्ट्रीय कवि दिनेश दिग्गज, प्रेम शीला श्रीवास्तव और शोधपीठ के निदेशक संजीव कुमार मालवीय शामिल हुए।

## कबीर प्रकट दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश की मांग, महासंघ की टीम ने किया पंजाब और जम्मू-कश्मीर का दौरा

**उज्जैन।** अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ की केंद्रीय टीम ने जम्मू-कश्मीर के कठुआ और पंजाब के सुजानपुर-पठानकोट व जालंधर का दौरा किया। इस दौरान महासंघ ने सद्गुरु कबीर के प्रकट दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने और उनके नाम के व्यावसायिक दुरुपयोग पर रोक लगाने की प्रमुखता से मांग उठाई। टीम ने विभिन्न कबीर भवनों व मंदिरों में पहुंचकर समाज के लोगों के साथ संवाद किया और भावी योजनाओं पर चर्चा की। केंद्रीय टीम में महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चूड़ामणि साहिब, उपाध्यक्ष राधा किशन सोलंकी, राष्ट्रीय महासचिव एफ.सी. भगत और सेवानिवृत्त आईएएस जी.आर. भगत सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चूड़ामणि साहिब ने बताया कि महासंघ वर्तमान में तीन प्रमुख विषयों पर कार्य कर रहा है। इनमें कबीर के नाम का उपयोग कर उनकी शिक्षाओं के विपरीत चल रही व्यावसायिक गतिविधियों को बंद करवाना प्रमुख है, जिसके लिए 5 अगस्त को देशभर के 130 जिलाधिकारियों को ज्ञापन भेजे जा चुके हैं।

## राहुल गांधी के कार्यक्रम के लिए चलाया छात्र संवाद व पंजीयन अभियान

### कांग्रेस ने स्कूलों व कोचिंग संस्थानों में जाने विद्यार्थियों के विचार

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

आगामी 19 सितंबर को इंदौर में होने वाले राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के लिए जीवाजी गंज और इंदिरा नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने संयुक्त रूप से विभिन्न हायर सेकेंडरी स्कूलों और कोचिंग कक्षाओं में छात्र संवाद व पंजीयन अभियान चलाया। इस दौरान देश की शिक्षा नीति में बदलाव के आह्वान की रूपरेखा प्रस्तुत कर विद्यार्थियों से व्यवस्था सुधारने हेतु सुझाव लिए गए।

विद्यार्थियों ने मांग की कि पूरे देश में शिक्षा व्यवस्था एक समान होनी चाहिए। एमपी बोर्ड, सीबीएसई या आईसीएसई बोर्ड की जगह पूरे देश में एक ही बोर्ड हो। शिक्षा और सभी प्रतियोगी परीक्षाएं पूरी तरह निशुल्क होनी चाहिए। इसके अलावा सरकार छात्रों को आवागमन के निशुल्क साधन उपलब्ध कराए और नौकरियों में योग्यता के आधार पर चयन हो। प्रदेश प्रभारी महासचिव हरीश चौधरी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निदेर्शानुसार, घर-घर जाकर पंजीयन के निर्धारित लक्ष्य को पूरा किया। जो छात्र इंदौर जाने में असमर्थ थे, उनसे कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखने का अनुरोध किया गया। इस छात्र संवाद कार्यक्रम का आयोजन जीवाजी गंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक लाला और इंदिरा नगर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आनंद मीणा ने किया।

## राष्ट्रीय मास्टर तैराकी में दिलीप जोशी ने जीते चार स्वर्ण पदक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

हरियाणा के बहादुरगढ़ में 11 से 13 सितंबर तक आयोजित 22वीं राष्ट्रीय मास्टर तैराकी प्रतियोगिता में उज्जैन के तैराकों ने शानदार प्रदर्शन किया है। मध्य प्रदेश तैराकी दल का प्रतिनिधित्व करते हुए उज्जैन के दिलीप जोशी बाबा ने चार स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। प्रतियोगिता में सुभाष चंद्र गुप्ता ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दो रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया। इनके अलावा उज्जैन से गए सोमेश शर्मा, अर्जुन सिंह और अविनाश टाटावत ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शहर सहित मध्य प्रदेश को गौरवान्वित किया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उज्जैन से कुल पांच तैराकों ने मध्य प्रदेश दल के साथ प्रतिनिधित्व किया था।

## उज्जैन से हरिद्वार और बद्रीविशाल धाम के लिए रवाना हुए 205 दिव्यांग श्रद्धालु

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सशक्त समर्थ विकलांग सेवा शिक्षा एवं प्रशिक्षण समिति के अंतर्गत समर्थ सेवा संस्था द्वारा आठ दिवसीय निःशुल्क दिव्यांग यात्रा का आयोजन किया गया है। उज्जैन से हरिद्वार और बद्रीविशाल धाम दर्शन के लिए यह यात्रा 16 सितंबर से 24 सितंबर तक आयोजित की जा रही है।

यात्रा के तहत 205 दिव्यांग एवं सहायक श्रद्धालु 16 सितंबर की शाम चार बजे उज्जैनी एक्सप्रेस से हरिद्वार के लिए रवाना हुए। स्टेशन पर समाजसेवी नारायण और महेश परियानी ने सभी का सम्मान कर उन्हें विदाई दी। इस अवसर पर विशेष तौर पर लोकेश आडवाणी, गोपाल बलवानी और कपिल बासनी उपस्थित थे। यात्रा के दौरान 17 सितंबर को हरिद्वार आगमन के बाद 18 सितंबर को बस द्वारा बद्रीविशाल धाम के लिए प्रस्थान किया जाएगा। 19 सितंबर को बद्रीविशाल के दर्शन और भारत के अंतिम गांव माणा का भ्रमण होगा। इसके पश्चात 20 सितंबर को हरिद्वार वापसी होगी। 21 और 22 सितंबर को हरिद्वार एवं ऋषिकेश का भ्रमण किया जाएगा। 23 सितंबर को सुबह हरिद्वार रेलवे स्टेशन से उज्जैनी एक्सप्रेस द्वारा वापसी होगी और 24 सितंबर को यात्री उज्जैन पहुंचेंगे। यात्रियों के लिए हरिद्वार के नागली वैला स्थित आस्था धाम आश्रम और बद्रीविशाल धाम में माणा गांव रोड स्थित भारत सेवा आश्रम में आवास व्यवस्था की गई है। संस्था अध्यक्ष श्याम माहेश्वरी और विक्रम चंद्रवंशी, महिला प्रमुख सरोज अग्रवाल और रीना सेंगर, सचिव विट्ठल नागर और सुनिल माहेश्वरी तथा यात्रा संयोजक आनंद पुरोहित और ओम पाटीदार के नेतृत्व में यह आयोजन हो रहा है।

# गणेशोत्सव विशेष- षड्विनायक मे से एक हैं चोर गणेश

## सीताजी ने की थी पूजा, चोर भी दुर्मुख गणेश के भक्त

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन मे ऋषि सांदीपनि के आंगन मे अथार्त अंकपात क्षेत्र मे विष्णुसागर मार्ग पर स्थित है प्राचीन चोर गणेश मंदिर। पौराणिक ग्रंथ स्कंदपुराण के अवंतिखण्ड मे प्राचीन उज्जयिनी मे छः पुरातन गणेश मंदिरों का उल्लेख मिलता है जिनमे दुर्मुख गणेश का विशिष्ट स्थान है। समय के साथ दुर्मुख गणेश ही चोर गणेश के नाम से लोकप्रिय हुए।

स्कंदपुराण के अनुसार वनवास काल मे उज्जैन प्रवास के समय राम व सीताजी ने शहर मे छः स्थान पर गणेशजी की आराधना की थी । अंकपात क्षेत्र मे सीताजी ने दुर्मुख गणेश की पूजन पूरे विधि-विधान से की थी और सभी के मंगल की कामना की थी। अतः दुर्मुख गणेश की पाषाण प्रतिमा अतिप्राचीन है और त्रेतायुग की मानी जाती है।



### चोर भी दुर्मुख गणेश के भक्त

पुराने समय मे अंकपात क्षेत्र निर्जन था और मंदिर एकांत मे रहा इसलिए दुर्मुख गणेश मंदिर मे चोर प्रार्थना करके चोरी करने रात मे निकलते थे। चोरी मे सफल होने पर चोर वापस मंदिर आते , लूटे हुए माल के हिस्से करते और एक हिस्सा दुर्मुख गणेश को अर्पित करके चले जाते। दुर्मुख गणेश चोरों की मनोकामना पूरी करते रहे इसलिए कालांतर मे उनका नाम चोर गणेश पड गया।

### तंत्र साधना स्थल भी रहा

बाबा महाकाल और उनके द्वारपाल कालभैरव की नगरी होने से प्राचीनकाल से ही उज्जैन तंत्र की स्थली रही। दूर दूर से तांत्रिक यहां आते और चोर गणेश की पहले उपासना करके तपस्या सफल होने की कामना करते। चोर गणेश किसी को भी निराश नहीं करते और उनकी इसी विशेषता से तांत्रिकों की साधना सफल होती अतः इन्हे तांत्रिक गणेश भी माना जाता है। चोर गणेश की मूर्ति मे विशेषता यह है कि गणेशजी की सूंड बायीं ओर घुमती हुई है।

### पांच बुधवार दर्शन करने का विधान

चोर गणेश की महिमा ही निराली है। लोकमान्यता है कि लगातार पांच बुधवार इनके दर्शन और पूजन से सभी मनोकामना पूर्ण होती है इसलिए श्रद्धालु दूर दूर से मंदिर पहुंचते हैं और अभिष्ट की प्राप्ति करते हैं।


## महाराष्ट्र समाज के गणेशोत्सव में गूंजे सुमधुर मराठी और हिंदी गीत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

क्षीरसागर स्थित तिलक स्मृति मंदिर में गणेशोत्सव समिति और महाराष्ट्र समाज के तत्वावधान में गणेशोत्सव के दूसरे दिन संगीतमय शाम का आयोजन हुआ। गणेशोत्सव समिति अध्यक्ष संजय दिवटे ने बताया कि कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों के दो समूहों स्वर मराठी और संगीत सरिता ने मराठी व हिंदी फिल्मों के गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता एवं फार्मा व्यवसायी मनोज कार्लेकर थे तथा अध्यक्षता शासकीय कन्या महाविद्यालय उज्जैन के प्राचार्य प्रशांत पुराणिक ने की। इस अवसर पर मनमोहक प्रस्तुति देने वाले समूह स्वर मराठी के निर्देशक सूर्यकांत ब?हाणपूरकर और संगीत सरिता के संयोजक संजय देशपांडे का पंकज चांदोरकर और विश्वास कहाडकर ने समिति के सदस्यों के साथ मिलकर सम्मान किया। आयोजन का संयोजन रवींद्र अयाचित ने तथा संचालन शोभा शौचे ने किया। कार्यक्रम का आभार चंद्रकांत फटाले ने माना। इस अवसर पर प्रदीप जोग, अभय अरोंदेकर, सदाशिव नायगांवकर और तुषार मजूमदार सहित समाज के कई पदाधिकारी व नागरिक उपस्थित थे।

उज्जैन
गुरुवार
17
सितम्बर, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### जमीन को लेकर उलझे दो विभाग, कृषि कॉलेज के सामने बनना है होटल

**इंदौर।** सिंहस्थ में डेढ़ साल बचा है, लेकिन इसके लिए इंदौर में बनने वाली सरकारी लक्जरी होटल जमीन के हक में उलझ गई है। होटल के लिए पर्यटन विकास निगम (एमपीटी) को कृषि कॉलेज के सामने जमीन दी गई है। इसी जमीन पर एआईसीटीएसएल का बस डिपो भी है। एमपीटी ने एआईसीटीएसएल और परिवहन विभाग को जमीन खाली करने के लिए नोटिस दिया है। वहीं एआईसीटीएसएल का कहना है कि प्रशासन ने जमीन हमें डिपो के लिए दी है। अभी यहां एआईसीटीएसएल की खराब बसें खड़ी हैं। पर्यटन निगम ने होटल के लिए प्रोजेक्ट तैयार कर लिया है। निगम का कहना है कि जमीन हाथ में आते ही निर्माण एजेंसी के लिए टेंडर जारी किए जाएंगे। विभाग का कहना है, हमारा प्रयास है, होटल का निर्माण सिंहस्थ से पहले हो जाए। पर्यटन विकास निगम ने होटल के लिए पीपीपी या रेवेन्यु शेयरिंग मॉडल तैयार किया है। 2015-16 में जमीन दे दी थी एमपीटी को मप्र पर्यटन विभाग को होटल के लिए प्रशासन ने जमीन का आवंटन 2015-16 में कर दिया था। आवंटित जमीन के एक हिस्से पर निगम ने अपना ऑफिस बना लिया था। होटल निर्माण का मामला बार-बार टलता रहा। सूत्र सेवा और सिटी बसों के लिए मांगी थी जमीन पर्यटन निगम को होटल के लिए दी जमीन लंबे समय तक खाली होने से एआईसीटीएसएल ने सूत्र सेवा व सिटी बसों को खड़ी करने के लिए जगह मांगी थी। इसीलिए उन्हें अनुमति दे दी गई थी। समय के साथ इसे स्थाई डिपो की तरह विकसित कर लिया गया। इसी बीच 2019 में पर्यटन विकास निगम ने होटल बनाने के लिए जमीन मांगी, कुछ दिन प्रयास किए लेकिन ठंडे बस्ते में चला गया। 2021-22 में भी एआईसीटीएसएल को पत्र लिखा था। कोरोना के कारण मामला टल गया।

### इंदौर में भाजपा पार्षद कमलेश कालरा को राहत

**इंदौर।** इंदौर में भाजपा पार्षद कमलेश कालरा के अन्य पिछड़ा वर्ग के जाति प्रमाण-पत्र को चुनौती देने वाली याचिका हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने खारिज कर दी। मंगलवार को न्यायमूर्ति संजीव भट्ट की एकलपीठ में मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रखा गया था। बुधवार को कोर्ट ने आदेश जारी कर याचिका खारिज कर दी। याचिका सुनील यादव ने दायर की थी। इसमें दावा किया गया था कि वार्ड 65 से पार्षद कमलेश कालरा ने नामांकन के साथ डइउ का जाति प्रमाण-पत्र लगाया है, जबकि वे इस श्रेणी में नहीं आते। याचिकाकर्ता ने प्रमाण-पत्र को गलत बताते हुए उसे चुनौती दी थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि मामला केवल प्रमाण-पत्र जारी होने तक सीमित नहीं है। यह भी जांचना जरूरी है कि जारी किया गया प्रमाण-पत्र सही है या गलत। शासन की ओर से दलील दी गई कि यदि याचिकाकर्ता पार्षद कमलेश कालरा के निर्वाचन को चुनौती देना चाहते हैं, तो उन्हें चुनाव याचिका दायर करनी चाहिए थी। शासन के अनुसार, याचिकाकर्ता ने ऐसा नहीं किया। सुनवाई के दौरान कमलेश कालरा की ओर से अपने समर्थन में चंद्र कुमार और जयेश राजानी के नाम से जारी डइउ जाति प्रमाण-पत्रों का उल्लेख किया गया। याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि दोनों प्रमाण-पत्र एसडीएम जूनी इंदौर के आदेश से पहले ही निरस्त किए जा चुके हैं। ऐसे में इन्हें कालरा के जाति प्रमाण-पत्र के समर्थन में आधार नहीं बनाया जा सकता। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने मंगलवार को फैसला सुरक्षित रखा था। बुधवार को आदेश जारी करते हुए कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

### मां को मुखाग्नि देने से 4 बेटों का इनकार, जेवर बेचकर खरीदा फ्लैट भी हड़पा

**इंदौर।** रिश्तों को तार-तार कर देने वाला मामला सामने आया है। सिलिकॉन सिटी क्षेत्र की गणेश रेसिडेंसी में रहने वाली लता बाई की 13 सितंबर को मौत हो गई। उनके चार सगे बेटों ने मां का शव लेने और अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। मौत के बाद 3 दिन तक उनके बेटों को अंतिम संस्कार के लिए कहा जाता रहा। लेकिन, वे न तो मुखाग्नि देने के लिए तैयार हुए और न ही अंतिम संस्कार में शामिल हुए। बताया जा रहा है कि लता बाई ने अपनी जीवनभर की जमा पूंजी और जेवर बेचकर गणेश रेसीडेंसी में फ्लैट खरीदा था। जिसे बाद में बेटों ने अपने नाम करवा लिया और वृद्ध मां को बेघर कर सड़क पर छोड़ दिया। बद्ध महिला की सड़क पर भटकने की जानकारी समाजसेवी संगठन प्रीयु फाउंडेशन के अजय नागदा को मिली थी। इसके बाद उन्होंने लता बाई का मेडिकल परीक्षण करवाया और उन्हें जानकी वृद्धाश्रम में आश्रय दिलाया। लता बाई करीब 8 महीने से वृद्धाश्रम में रह रही थीं। हाल ही में तबीयत बिगड़ने पर उन्हें एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

### मकान की दीवार गिरी, 4 महिलाओं की मौत

**इंदौर।** सांवेर में बुधवार शाम करीब 4 बजे जर्जर मकान तोड़ते समय दूसरे मकान की दीवार गिर गई। हादसे में 4 महिलाओं की मौत हो गई। इनमें एक ही परिवार की 3 महिलाएं शामिल हैं। रीना, चंदा और सीमा बाई आपस में रिश्तेदार थीं। रीना जेठानी, चंदा देवरानी और सीमा बाई काकी सास थीं। रीना और चंदा की सास सुंदर बाई भी हादसे में घायल हुई हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। हादसे में कुल 5 लोग घायल हुए हैं। पुलिस और नगर परिषद की टीम ने जेसीबी से मलबा हटाकर रेस्क्यू किया। मामले में मकान मालिक को गिरफ्तार किया गया है। मंत्री तुलसी सिलावट भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि सभी मृतकों के परिजन को मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सांवेर के सभी जर्जर मकानों को चिन्हित कर तोड़ा जाएगा। टशन चौराहे के पास एक जर्जर मकान तोड़ा जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यह बिल्डिंग ह्यनेताजीह्व के नाम से प्रसिद्ध है। इसे तोड़ते समय पास के दूसरे मकान की पुरानी और जर्जर दीवार ढह गई। इसके नीचे मजदूर दब गए।

---

पीएम नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर

# इंदौर में आज से सेवा संकल्प अभियानः प्रज्जवलित होंगे 2.51 लाख दीप

### 17 अक्टूबर तक होंगे कई आयोजन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

पीएम नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भाजपा इंदौर महानगर द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा।

अभियान के तहत शहर के 85 वार्डों, 35 मंडलों, 345 शक्ति केंद्रों और 2097 बूथों तक पहुंचकर विभिन्न सेवा एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही 17 सितंबर की शाम को राजबाड़ा इलाके में 2.51 लाख दीप भी प्रज्जवलित किए जाएंगे।



मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि अभियान की शुरूआत 17 सितंबर को दीप प्रज्वलन से होगी। शाम 7 बजे 2097 बूथों के लाभार्थी परिवारों के घरों में आशीर्वाद का दीया जलाकर विकसित भारत-2047 का संकल्प लिया जाएगा। रात 8 बजे राजवाड़ा क्षेत्र में 2 लाख 51 हजार दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों और धार्मिक स्थलों पर भी दीपोत्सव होगा।

#### सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण को समर्पित रहे 25 साल

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष सेवा, समर्पण, सुशासन और राष्ट्र निर्माण को समर्पित रहे हैं। सुमित मिश्रा ने कहा कि अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री की सेवा यात्रा और केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

#### एक महीने में होंगे कई कार्यक्रम

- **17 सितंबर दीपोत्सवः** शाम 7 बजे घरों में आशीर्वाद का दीया और रात 8 बजे राजवाड़ा क्षेत्र में 2.51 लाख दीप जलेंगे। शहर में 5 लाख से अधिक दीप प्रज्वलित होंगे।
- **सेवा चित्रः** 19 से 26 सितंबर तक अभय प्रशाल में जिला स्तरीय चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता, 4-5 अक्टूबर को प्रदेश स्तरीय आयोजन।
- **आंगन का मिलनः** 26 सितंबर से 5 अक्टूबर तक आंगनवाड़ी केंद्रों पर महिलाओं-बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण योजनाओं की जानकारी और कार्यकताओं का सम्मान।
- **स्वच्छता अभियानः** 27 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 85 वार्डों और 2 से 10 अक्टूबर तक एमवाय अस्पताल परिसर में विशेष सफाई अभियान।
- **सेवा के रंगः** 9-10 अक्टूबर को फिनिक्स मॉल के सामने 40 हजार से अधिक लोगों की भागीदारी से विशाल रंगोली बनाकर रिकॉर्ड बनाने का प्रयास।
- **सेवा स्मरणः** 19 सितंबर से 5 अक्टूबर तक नुक्कड़ नाटकों के जरिए विकसित भारत-2047 और केंद्र की योजनाओं की जानकारी।
- **कहानी बदलाव कीः** 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक योजनाओं के लाभार्थियों की प्रेरक कहानियां सोशल मीडिया पर साझा होंगी।
- **सेवा ज्योति यात्राः** 7 अक्टूबर को बड़ा गणपति से राजवाड़ा तक मशाल यात्रा और विकसित भारत-2047 का संकल्प।
- **वडनगर-वाराणसी यात्राः** मध्यप्रदेश से गुजरने वाली 13 यात्राओं के इंदौर पहुंचने पर स्वागत किया जाएगा।
- **सेवा सेतु अभियानः** 2 से 10 अक्टूबर तक शिविर लगाकर नागरिकों की समस्याओं का निराकरण और पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।
- **17 अक्टूबर समापनः** जनसेवक महाकुंभ, सुशासन सेवा संवाद, हैकाथॉन-इनोवेशन चैलेंज और 25 साल, 25 कहानियां कार्यक्रम होंगे।

---

इंदौर में राहुल गांधी के आयोजन की भव्य तैयारियां

# दोपहर 2:30 बजे इंदौर पहुंचेंगे, दो घंटे रेडिसन में रुकेंगे, रास्ते में नहीं लगेंगे स्वागत मंच

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 19 सितंबर को इंदौर आएंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के मुताबिक वे दोपहर करीब 2:30 बजे इंदौर पहुंचेंगे।

एयरपोर्ट से सीधे रेडिसन होटल जाएंगे, जहां करीब दो घंटे रुकने के बाद रीजनल पार्क के सामने आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम में शामिल होंगे। उनके स्वागत के लिए एयरपोर्ट से कार्यक्रम स्थल तक रास्ते में कोई मंच नहीं लगाया जाएगा। कांग्रेस ने इस बार स्वागत और आयोजन की तैयारियां मुख्य कार्यक्रम स्थल पर ही केंद्रित की हैं।

**रीजनल पार्क के सामने तैयार हुआ बड़ा डोम-** राहुल गांधी के कार्यक्रम के लिए रीजनल पार्क के सामने मैदान में बड़ा डोम तैयार किया गया है। इसमें मंच के साथ छात्रों, कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकताओं के बैठने की व्यवस्था की जा रही है।



कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों और युवाओं के शामिल होने की संभावना है। कांग्रेस के मुताबिक यहां राहुल गांधी छात्रों से संवाद करेंगे और शिक्षा, रोजगार सहित युवाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी।

**एयरपोर्ट से होटल और फिर कार्यक्रम स्थल-** राहुल गांधी दोपहर 2:30 बजे एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से उनका काफिला रेडिसन होटल जाएगा। करीब दो घंटे होटल में रुकने के बाद वे कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना होंगे। एयरपोर्ट-होटल और होटल-कार्यक्रम स्थल रूट पर सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

**रास्ते में नहीं होंगे स्वागत मंच-** बड़े नेताओं के दौरे में आमतौर पर रास्ते में जगह-जगह स्वागत मंच लगाए जाते हैं, लेकिन राहुल गांधी के दौरे में ऐसा नहीं होगा। कांग्रेस ने एयरपोर्ट से कार्यक्रम स्थल तक रूट पर मंच लगाने के बजाय मुख्य आयोजन स्थल पर ही व्यवस्थाएं रखने का फैसला किया है। इससे रूट पर यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को व्यवस्थित रखने में भी मदद मिलेगी।

#### अलग स्टाइल में प्रचार

कांग्रेस राहुल के कार्यक्रम के लिए जेन जी स्टाइल में अलग तरीके से प्रचार कर रही है। नुक्कड़ नाटक से लेकर गाने-बजाने शामिल किया गया है।

#### कार्यक्रम स्थल पर अंतिम तैयारियां

रीजनल पार्क के सामने मैदान की अनुमति प्रक्रिया पूरी होने के बाद यहां तैयारियां तेज की गई थीं। अब डोम तैयार हो चुका है और मंच, बैठक व्यवस्था सहित अन्य इंतजामों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। राहुल गांधी के दौरे को देखते हुए पुलिस और प्रशासन भी सुरक्षा एवं ट्रैफिक व्यवस्था को अंतिम रूप दे रहे हैं।

---

# शेयर मार्केट में मुनाफे का झांसा देकर 85 हजार ठगे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

अन्नपूर्णा इलाके में शेयर मार्केट में निवेश पर हर माह मुनाफा देने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 85 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पहले 10 हजार रुपए निवेश करवाए, फर्जी प्रॉफिट के चार्ट भेजकर भरोसा जीता और बाद में अलग-अलग किस्तों में रकम जमा कराई। इसके बाद संपर्क बंद कर दिया। पुलिस ने शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है। अन्नपूर्णा पुलिस के मुताबिक कमलेश पंडित ने शिकायत में बताया कि 31 जुलाई को उनके पास कॉल आया था। कॉलर ने खुद को मनी ग्रो लाइफ कंपनी से बताया और शेयर मार्केट में साप्ताहिक व मासिक प्रॉफिट देने की बात कही। कमलेश ने निवेश से इनकार किया तो कॉलर ने वरिष्ठ अधिकारी राजीव जैन से बात कराई। जैन ने बिना निवेश के पहले आईडी बनाने की बात कहकर पैन कार्ड, आधार, बैंक खाते समेत अन्य जानकारी ले ली। 6 अगस्त को कमलेश ने दस्तावेज और जानकारी वॉट्सऐप पर भेजी। इसके बाद आईडी जनरेट कर 10 हजार रुपए से काम शुरू करने को कहा गया। क्यूआर कोड के जरिए 10 हजार रुपए जमा कराए गए। इसके बाद अभिषेक शर्मा नाम के व्यक्ति ने कॉल कर आईडी पर काम करने की बात कही। अगले दिन शेयर मार्केट का चार्ट भेजकर 1,015 रुपए का प्रॉफिट बताया गया और रकम अकाउंट में ट्रांसफर कर दी गई। एक सप्ताह बाद 4,100 रुपए प्रॉफिट का चार्ट भेजा और 700 रुपए ब्रोकरेज मांगा। तीसरे सप्ताह 5 हजार रुपए प्रॉफिट बताकर 900 रुपए ब्रोकरेज लिया गया। चौथे सप्ताह 5 हजार रुपए से अधिक का प्रॉफिट बताया, लेकिन इस बार रकम नहीं दी। इसके बाद आरोपियों ने राखी के ऑफर का हवाला देकर 85 हजार रुपए जमा करने पर बोनस देने की बात कही। 31 अगस्त को कमलेश से 32,500 रुपए क्यूआर कोड के जरिए जमा कराए गए।

---

नेट अनिवार्यता का असर

# 601 में से 451 पीएचडी सीटें खाली

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी में पीएचडी के लिए ज्यादातर विषयों में नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट (नेट) क्वालिफाई करने की अनिवार्यता का असर सीटों पर साफ दिख रहा है। जून में हुई नॉन डीईटी पीएचडी एडमिशन प्रक्रिया में 601 सीटों में से 451 सीटें खाली रह गईं। यानी करीब 75% सीटों पर अभ्यर्थी नहीं मिले। 150 सीटों पर ही एडमिशन हो पाया। कुछ विषयों में तो 90 से 95% तक सीटें खाली रह गईं।

यूनिवर्सिटी ने ढाई साल पहले शुरू की व्यवस्था के तहत 30 विषयों में नेट क्वालिफाई होने पर ही पीएचडी पात्रता का नियम लागू किया है। इसके बाद पीएचडी की प्रक्रिया हर छह माह में हो रही है, लेकिन स्कॉलर्स की संख्या कई गुना घट गई है। जून की प्रक्रिया में 25 से ज्यादा विषयों में 234 गाइड के मार्गदर्शन में 601 सीटें थीं, जबकि नेट क्वालिफाई अभ्यर्थियों की संख्या 550 थी। इसके बावजूद 451 सीटें खाली रह गईं। अब नवंबर-दिसंबर में फिर पीएचडी एडमिशन प्रक्रिया शुरू होगी। मैनेजमेंट, कॉमर्स, कंप्यूटर साइंस सहित 17 विषयों में 50 से अधिक गाइड ऐसे हैं, जिनके पुराने स्कॉलर्स की पीएचडी पूरी हो चुकी है और अब उनके पास एक भी स्कॉलर नहीं है। इन विषयों में गाइड कम, दावेदार ज्यादा इसके विपरीत पॉलिटिकल साइंस में पीएचडी का जबरदस्त क्रेज है। यहां महज 1 सीट के लिए 170 दावेदार हैं। इस विषय में 25 नए गाइड की जरूरत है। वहीं सोशियोलॉजी, लॉ, हिंदी जैसे विषयों में भी गाइड कम हैं और दावेदार काफी ज्यादा। जानकारों का कहना है कि क्वालिटी रिसर्च या स्कॉलर्स की संख्या, दोनों में से एक ही संभव हो पाएगा। उन्होंने डीएवीवी की प्रक्रिया को सही बताया। क्वालिटी रिसर्च के लिए यूजीसी ने यह नियम लागू किया था। इसका पूरी तरह पालन हो रहा है। सिर्फ इंजीनियरिंग के विषयों में, जिनमें नेट नहीं होती, प्रवेश परीक्षा ली जा रही है।

---

मरीमाता चौराहे पर पोस्टर का वीडियो बनाया, विधायक के समर्थकों पर मारपीट का आरोप

# अवैध होर्डिंग-पोस्टर के खिलाफ उपवास पर बैठे दंपत्ति

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर में सोशल एक्टिविस्ट प्रहलाद पांडेय पत्नी संगीता पांडेय के साथ रीगल चौराहे स्थित गांधी प्रतिमा के नीचे उपवास पर बैठ गए। उनका कहना है कि जब तक शहर से अवैध होर्डंग-पोस्टर नहीं निकलते वे यहां उपवास पर बैठे रहेंगे।

दरअसल, बुधवार शाम को वे मरीमाता चौराहे पर गए थे। यहां पर लगे बैनर-पोस्टर को लेकर वे वीडियो बना रहे थे। वीडियो में अवैध-बैनर पोस्टर के बारे में जिक्र कर रहे थे। प्रहलाद पांडेय ने आरोप लगाते हुए कहा कि इस दौरान विधायक गोलू शुक्ला के समर्थक वहां पहुंचे और उनके साथ मारपीट की और उनके डिवाइस भी ले लिया।

मारपीट से आहत होकर पत्नी के साथ बैठे

घटना के बाद वे रीगल चौराहे पर पहुंचे, जहां उन्होंने रोते हुए अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया, इसके बाद वे पत्नी के साथ गांधी प्रतिमा के नीचे उपवास पर बैठ गए। जब इस बारे में उनके परिचितों को पता लगा तो वे भी उनके समर्थन में पहुंच गए। मामले में उन्होंने कहा कि शहर में कई जगह अवैध होर्डिंग-पोस्टर लगे हैं। जिन पर कार्रवाई होना चाहिए। मगर ऐसा नहीं हो रहा है। वे तब तक उपवास पर बैठेंगे जब तक अवैध होर्डिंग-पोस्टरों पर कार्रवाई नहीं होती। इसके साथ ही वे ये उपवास इन लोगों की बुद्धि की शुद्धि के लिए कर रहे हैं।

बता दें कि प्रहलाद पांडेय और संगीत पांडेय वहीं दंपत्ति हैं जो कुछ महीने पहले मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के घर के बाहर संविधान की कॉपी लेकर पहुंचे थे। वे मंत्री के बयानों से आहत होकर पहुंचे थे। इस दौरान जब वे यहां पहुंचे तो पुलिस बल भी यहां तैनात था। उन्हें समझाइश दी गई थी, तो वे रोड पर बैठ गए थे। इस पर पुलिस ने प्रहलाद पांडेय को टांगा-टोली कर उठा लिया था और दंपत्ति पर कार्रवाई कर उन्हें जेल भेज दिया था।



#### 15 लोगों ने आकर पीटा

प्रहलाद पांडेय ने कहा कि मैं आवाज उठा रहा था, तभी विधायक गोलू शुक्ला के 15 लोग वहां पहुंच गए और आकर मारपीट शुरू कर दी। इसके साथ ही मेरा डिवाइस तोड़ दिया। साथ ही वीडियो को डिलीट करवा दिया है। मेरा फोन भी छीन लिया है। अब मैं कुछ नहीं बोलूंगा। मैं लगातार अन्याय और अत्याचार के खिलाफ आवाज उठा रहा था। अब इंदौर की जनता तय करेगी कि कौन सही और कौन गलत है।
वहीं, वीडियो में एक्टिविस्ट प्रहलाद पांडेय रोते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि विधायक गोलू शुक्ला की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। वहीं, प्रहलाद पांडेय ने भी कोई एफआईआर नहीं करवाई है।

#### भेजे गए थे जेल

कुछ दिन पहले प्रहलाद पांडेय ने प्रदेश के नगर विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के आवास के बाहर भी प्रदर्शन किया था। इस मामले में भी इन्हें जेल भेजा गया था। कुछ दिन पहले ही जेल से बाहर आए थे।

---


गांवों तक पहुंची डिजिटल गंदगीः मप्र में 2600 शिकायतें, इनमें इंदौर की 450

# बच्चों के यौन शोषण का कंटेंट देखने वालों में इंदौर सबसे आगे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

अमेरिका की संस्था एनसीएमईसी से भारत को मिलने वाली 69 लाख से ज्यादा साइबर टिपलाइन में 1% मामलों में भी चार्जशीट नहीं हो पाई थी। अब ऐसी ही टिपलाइन के आधार पर मध्यप्रदेश में हुई कार्रवाई की डिजिटल कड़ियों को ट्रेस किया तो सामने आया कि अमेरिका की रिपोर्ट से शुरू हुई जांच इंदौर, देवास, धार और रतलाम के ग्रामीण इलाकों तक पहुंची।

बच्चों के यौन शोषण वाला कंटेंट देखने वालों में मध्यप्रदेश में इंदौर सबसे आगे है। राज्य साइबर सेल के अनुसार 1 जनवरी से 31 अगस्त 2026 तक प्रदेश में महिलाओं और बच्चों से जुड़े साइबर अपराधों की 2600 साइबर टिपलाइन मिलीं। इनमें करीब 450 इंदौर और 400 भोपाल से संबंधित थीं। इसके बाद ग्वालियर, जबलपुर, रीवा और उज्जैन जैसे जिले रहे। भोपाल में ऐसे मामलों में 6 एफआईआर दर्ज की गई हैं।



- मेटा से पुलिस तक पहुंचती है सूचना इन आंकड़ों से यह भी सामने आता है कि गतिविधि बड़े शहरों तक सीमित नहीं है। 10 मामलों की टिपलाइन और पुलिस रिकॉर्ड ट्रेस किए। इनमें इंदौर, देवास, धार, रतलाम समेत ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े उपयोगकर्ता और आरोपी सामने आए। पड़ताल में सामने आया कि फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप जैसे प्लेटफॉर्म से रिपोर्टिंग व्यवस्था के जरिए सूचना एनसीएमईसी साइबरटिपलाइन तक पहुंचती है।
- 14 ऑनलाइन शिकायतों में एक ही मोबाइल नंबर दिसंबर 2025 में राज्य साइबर सेल, इंदौर को जांच के लिए 14 साइबर टिपलाइन मिलीं। तकनीकी जांच में सभी 14 रिपोर्टों में एक ही मोबाइल नंबर सामने आया। सीडीआर व अन्य विश्लेषण में घटना के समय मोबाइल की लोकेशन देवास क्षेत्र में मिली। इसी नंबर से संचालित अकाउंट से अलग-अलग अकाउंट व ऑनलाइन माध्यमों पर सामग्री साझा किए जाने का विवरण मिला।

बंगाल में पंजीकृत मोबाइल, यूजर देवास में खातेगांव क्षेत्र के एक मामले में मोबाइल पश्चिम बंगाल में पंजीकृत मिला, लेकिन तकनीकी ट्रेसिंग में उसका इस्तेमाल संदलपुर, तहसील खातेगांव में सामने आया। पुलिस जांच में एनजीओ के छात्रावास में काम करने वाले दो व्यक्ति सामने आए। दोनों को अक्टूबर 2025 में गिरफ्तार किया गया और मोबाइल जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार वीडियो डिलीट हो चुके थे, लेकिन यूजर आईडी और दूसरे तकनीकी रिकॉर्ड जांच में मिले।

#### डिजिटल निशान से कार्रवाई की

प्रणय नागवंशी, एसपी, राज्य साइबर सेल ने बताया, डिजिटल निशान जांच की दिशा तय कर रहे हैं। किसी एक संकेत के आधार पर कार्रवाई नहीं की जाती। सभी जानकारियों को जोड़कर सत्यापन किया जाता है।

साइबर टिपलाइन सूचना देने की गुप्त व्यवस्था साइबर टिपलाइन एक ऑनलाइन शिकायत मंच है, जहाँ आम लोग इंटरनेट पर होने वाले अपराधों (खासकर बच्चों के ऑनलाइन शोषण या बाल अश्लीलता) की गुप्त रूप से रिपोर्ट कर सकते हैं।

## खबर एक नजर...

### डीजे संचालकों से 1 लाख का बंध-पत्र भरवाने की मांग

**हरदा।** टिमरनी में जुलूस के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने और दुकानों के कांच टूटने की घटना के बाद विधायक प्रतिनिधि संजय कमलचंद जैन ने कलेक्टर से जिलेभर में डीजे संचालकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष से प्रशासन से डीजे को निर्धारित 75 डेसीबल ध्वनि सीमा और सुबह 6 से रात 10 बजे तक की समय-सीमा में संचालित कराने की मांग की जा रही है। इसके बावजूद हरदा शहर में तेज आवाज में डीजे बज रहे हैं। उन्होंने प्रत्येक संचालक से 1 लाख रुपए का बंध-पत्र भरवाने और नियम तोड़ने पर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की।

### टीईटी परीक्षा के लिए अब तक 19100 आवेदन

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के लिए परीक्षा एजेंसी बनाए जाने के बाद अब अधिक से अधिक शिक्षकों को परीक्षा देने के लिए कहा जाएगा। इसके लिए गुरुवार को आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय तथा माध्यमिक शिक्षा मंडल के अधिकारियों के साथ होने वाली बैठक में तय होगा कि परीक्षा आवेदन के लिए अब कितना और समय बढ़ाया जाएगा। इधर कर्मचारी चयन मंडल द्वारा परीक्षा के लिए बुलाए गए आवेदन और आवेदन तिथि बढ़ाने के बाद अब तक 19100 शिक्षकों ने परीक्षा के लिए आवेदन किया है। राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षकों की पात्रता परीक्षा लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब माध्यमिक शिक्षा मंडल को एजेंसी बनाया है। इसलिए आयुक्त लोक शिक्षण अभिषेक सिंह और सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल बुद्धेश वैद्य गुरुवार को बैठक करेंगे।

### उमरिया में 11 बुलेट से निकलवाए मॉडिफाइड साइलेंसर

**उमरिया।** उमरिया यातायात पुलिस ने मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज आवाज करने वाली बुलेट बाइक पर कार्रवाई की है। पुलिस ने अभियान चलाकर 11 बुलेट से मॉडिफाइड साइलेंसर निकलवाए। पुलिस का कहना है कि तेज और बेवजह की आवाज से राहगीरों और आसपास के लोगों को दिक्कत होती है। जब्त किए गए साइलेंसरों को अब नियमों के हिसाब से नष्ट किया जाएगा। बुधवार रात को उमरिया यातायात पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज आवाज करने वाले दोपहिया वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। पुलिस की इस कार्रवाई से ऐसे वाहन चालकों में हड़कंप मच गया है। पुलिस के मुताबिक, शहर में कुछ लोग अपनी बुलेट मोटरसाइकिलों में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर सड़कों पर तेज आवाज करते हैं। अचानक होने वाली यह तेज आवाज सड़क पर चलने वाले लोगों और आसपास के रहवासियों को परेशान करती है। कई बार ऐसी आवाज से लोग भ्रमित हो जाते हैं और सड़क पर अजीब स्थिति बन सकती है।

### 23 साल बाद प्रदेश में स्कूल छोड़ने की दर शून्य हुई

**भोपाल।** मप्र में प्राथमिक स्तर पर विद्यार्थियों की ड्रॉप आउट यानी बीच में पढ़ाई छोड़ने की दर शून्य प्रतिशत पर आ गई है। प्रदेश सरकार के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2002-03 में प्राथमिक स्तर पर यह दर 15 प्रतिशत थी। पिछले 23 वर्षों में यह लगातार घटते हुए अब शून्य हो गई है। हालांकि माध्यमिक स्तर पर अभी 6.2 प्रतिशत और सेकंडरी स्तर पर 13 प्रतिशत विद्यार्थी बीच में पढ़ाई छोड़ रहे हैं। सरकार के मुताबिक विद्यार्थियों को स्कूल से जोड़े रखने में साइकिल, स्कूटी, लैपटॉप और समेकित छात्रवृत्ति जैसी प्रोत्साहन योजनाओं की भूमिका रही है। वहीं, स्कूल से बाहर हो चुके बच्चों को दोबारा शिक्षा की मुख्यधारा में लाने के लिए गृह संपर्क अभियान चलाया गया। इसमें शिक्षकों ने घर-घर सर्वे कर अप्रवेशित और ड्रॉप आउट बच्चों की पहचान की और उन्हें स्कूलों में प्रवेश दिलाया। अभियान के जरिए प्रदेशभर में अब तक तीन लाख से अधिक बच्चों को दोबारा स्कूलों से जोड़ा गया है।

### खाद्य टीम को गुरुकृपा के किचन में मिले कॉकरोच, एक्सपायर्ड मसाले

**भोपाल।** खाद्य विभाग पिछले कुछ दिनों से शहर के होटल-रेस्टोरेंट की जांच लगातार कर रहा है। नामी होटल-रेस्त्रां की रसोई की जांच में गंभीर खामियां सामने आ रही हैं। इसी अभियान के तहत बुधवार को भी शहर में कई जगह जांच हुई। इस दौरान बावड़िया कलां के गुरु कृपा फूड एंड कैटर्स के किचन में कॉकरोच घूमते मिले। यहां कई खाद्य पदार्थ एक्सपार्यड मिले। इस पर खाद्य विभाग ने रेस्त्रां का लाइसेंस निलंबित करने की अनुशंसा की है। वहीं, तीन अन्य प्रतिष्ठानों में सड़ा प्याज, बदबूदार दाल मखनी और गंदे बर्तन जैसी खामियां मिलीं। चारों को सुधार सूचना जारी की गई है। चारों प्रतिष्ठानों से 6 नमूने लिए गए हैं।


गुरु कृपा के किचन में तीन डस्टबिन कचरे से ऊपर तक भरे, टाइल्स टूटी और ड्रेनेज खराब मिला। चार कॉकरोच घूम रहे थे और धुले बर्तन गंदगी के बीच रखे थे। एवरेस्ट-एमडीएच चाट मसाला, श्री मां मक्का आटा, हर्ष मसाले और पास्ता समेत कई खाद्य पदार्थ एक्सपायरी मिले। पनीर का नमूना लिया गया।

# उज्जैन में युवा धर्म संसद पर डेढ़ करोड़ खर्च होंगे, देशभर से युवा जुटेंगे

## देशभर से 1700 युवा, 300 शोधकर्ता-धमार्चार्य जुटेंगे

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन में 17 से 19 सितंबर तक युवा धर्म संसद का आयोजन होगा। आयोजकों के मुताबिक, देवास रोड स्थित गीता भवन में तीन दिवसीय कार्यक्रम में 24-25 राज्यों से करीब 1700 छात्र-छात्राएं जुटेंगे। इनके अलावा करीब 300 शिक्षक, शोधकर्ता और धमार्चार्य भी अलग-अलग सत्रों में हिस्सा लेंगे। उद्घाटन सत्र में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत शामिल होंगे, जबकि 19 सितंबर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समापन समारोह में शामिल होंगे। बुधवार को देश के अलग-अलग शहरों से पहुंचे युवा कलाकार परिसर में चित्रकला प्रदर्शनी के लिए पेंटिंग तैयार करते नजर आए। आयोजन स्थल पर ही इन पेंटिंग्स को प्रदर्शित किया जाएगा। बुधवार को गीता भवन में तैयारियों के बीच देश के अलग-अलग हिस्सों से पहुंचे युवा कलाकार प्रदर्शनी के लिए पेंटिंग बनाने में जुटे रहे। प्रदर्शनी की थीम भारत-भाव रखी गई है। कार्यक्रम के दौरान पुस्तक मेले का भी आयोजन होगा, जिसमें आयोजकों के अनुसार देश के करीब 50 प्रमुख प्रकाशन समूह शामिल होंगे। आयोजन स्थल पर आने वाले प्रतिभागियों के लिए अलग-अलग सत्रों और गतिविधियों की व्यवस्था की जा रही है। तीन दिनों के कार्यक्रम में धर्म, शिक्षा, संस्कृति, आस्था, कृषि और तकनीक जैसे विषयों को शामिल किया गया है।



### 25 राज्यों से पहुंचे 1700 रजिस्ट्रेशन

सेवाज्ञ संस्थान के सह मीडिया प्रमुख बादल सिंह के मुताबिक, इस बार करीब 1700 प्रतिभागियों के रजिस्ट्रेशन हुए हैं। इनमें देश के 24 से 25 राज्यों के युवा शामिल हैं। आयोजकों ने जुलाई में रजिस्ट्रेशन शुरू किए थे, जिन्हें 31 अगस्त को बंद कर दिया गया। रजिस्ट्रेशन बंद होने के बाद भी लगातार लोगों के फोन आ रहे हैं, लेकिन आयोजन स्थल की क्षमता के कारण इससे ज्यादा प्रतिभागियों को शामिल करना संभव नहीं है। आयोजकों का कहना है कि युवा धर्म संसद की शुरूआत 2018 में हुई थी। इससे पहले इसके आयोजन काशी, अयोध्या, हरिद्वार, मथुरा और कांचीपुरम में हो चुके हैं। आयोजकों के अनुसार, पिछली पांच धर्म संसदों में करीब 7100 प्रतिभागी शामिल हो चुके हैं।

### शिकागो भाषण की स्मृति से जुड़ा आयोजन

आयोजकों के अनुसार, युवा धर्म संसद का मूल विचार स्वामी विवेकानंद के शिकागो उद्बोधन की स्मृति से जुड़ा है। इसका उद्देश्य युवाओं के बीच धर्म की अवधारणा, भारतीय संस्कार और सनातन संस्कृति से जुड़े विषयों पर संवाद के लिए मंच उपलब्ध कराना है। इस बार आयोजन सिद्धपीठ हनुमत निवास, अयोध्या के पीठाधीश्वर एवं संरक्षक आचार्य मिथिलेशनन्दिनीशरणजी महाराज के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

### आयोजन पर करीब 1.53 करोड़ खर्च का अनुमान

आयोजन समिति ने तीन दिवसीय कार्यक्रम के लिए करीब 1.53 करोड़ रुपए का अनुमानित बजट बताया है। इसमें आयोजन स्थल पर 27 लाख रुपए, यात्रा एवं आवास पर 24 लाख, भोजन एवं जलपान पर 18 लाख और प्रतिभागी किट पर 20.20 लाख रुपए प्रस्तावित हैं। इसके अलावा अतिथियों के यात्रा व्यय पर 12 लाख, प्रदर्शनी एवं पुस्तक स्टॉल पर 9.80 लाख, जनसंपर्क एवं विज्ञापन पर 8 लाख, सेवाज्ञ संस्थानम् की पुस्तक पर 8 लाख, साज-सज्जा एवं मंच पर 5.75 लाख और वीडियो-फोटोग्राफी पर 5 लाख रुपए खर्च का अनुमान बताया गया है।

### अगले साल द्वारका में होगा आयोजन

आयोजकों के मुताबिक, युवा धर्म संसद का अगला संस्करण द्वारका में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए रजिस्ट्रेशन जुलाई 2027 से शुरू किए जाने की योजना है। इस बार उज्जैन में होने वाले आयोजन में युवाओं की भागीदारी के साथ धर्म और समकालीन विषयों पर संवाद को केंद्र में रखा गया है। अब 17 सितंबर से शुरू होने वाले कार्यक्रम में यह देखना अहम होगा कि तीन दिनों के सत्रों में युवाओं की भागीदारी और संवाद किस रूप में सामने आता है।

# तपोभूमि में श्रावक संयम साधना शिविर का शुभारंभ

## उत्तम क्षमा पर दीदी ने कहा दिखावा नहीं हृदय से मांगें क्षमा, आज मनेगा उत्तम मार्दव धर्म

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सिद्ध क्षेत्र श्री महावीर तपोभूमि में पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व के अवसर पर दस दिवसीय श्रावक संयम साधना शिविर की शुरूआत हुई। पहले दिन उत्तम क्षमा धर्म की आराधना की गई। धर्मसभा को संबोधित करते हुए ज्योतिषाचार्य बाल ब्रह्मचारिणी प्रभा दीदी ने कहा कि क्षमा केवल औपचारिकता या दिखावा नहीं होनी चाहिए। सच्ची क्षमा वही है जो अंतरमन से की जाए।



समाज सचिव सचिन कासलीवाल ने बताया कि प्रभा दीदी ने अपने प्रवचन में कहा कि मान्यता है कि इसी दिन पृथ्वी का पुनः सृजन हुआ था। विनाश काल के 49 दिनों में प्रलय आकर पूर्णिमा के दिन पृथ्वी समाप्त हो जाती है और पुनः पंचमी से जीवन की शुरूआत होती है। इसीलिए दशलक्षण धर्म की पूजा पंचमी से प्रारंभ की जाती है। पर्युषण पर्व के दूसरे दिन गुरुवार को उत्तम मार्दव धर्म की आराधना की जाएगी। धर्म आगम के अनुसार इस दिन मीठे का त्याग किया जाएगा। मार्दव धर्म अहंकार के नाश और सच्ची विनम्रता का प्रतीक है। जिस प्रकार कठोर भूमि पर बीज अंकुरित नहीं होता, उसी प्रकार अहंकारी मन में धर्म नहीं पनपता। आठ प्रकार के मान का त्याग कर हृदय में कोमलता धारण करने का संदेश इस दिन दिया जाएगा। शिविर की शुरूआत सुबह श्रीजी के अभिषेक, शांतिधारा और दशलक्षण धर्म की विशेष पूजा के साथ हुई। दोपहर में आहारचर्या के बाद तत्व चर्चा व श्रावक संस्कार कक्षा हुई तथा शाम को वासु भैया विशेष के प्रवचन, आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रभा दीदी ने सभी शिविरार्थियों को मौनपूर्वक भोजन करने का संकल्प दिलाया। शांतिधारा व भोजन कराने का लाभ अशोक जैन चायवाला परिवार और अभिषेक का लाभ संजय नीलू बड़जात्या परिवार ने लिया। शिविर में आचार्य श्री प्रज्ञा सागर जी महाराज, प्रभा दीदी, अंजू दीदी और वासु भैया विशेष का सानिध्य प्राप्त हो रहा है। आयोजन में मुख्य संयोजक रमेश जैन एकता व सारिका जैन का विशेष योगदान रहा।

## सरकार ने कहा-नियम बनाने का अधिकार हमारा

# प्रोबेशन में 100% वेतन के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्यप्रदेश में सीधी भर्ती से नियुक्त तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को प्रोबेशन पीरियड में 70%, 80% और 90% वेतन देने की व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने 8 सितंबर को इस व्यवस्था को रद्द करते हुए कर्मचारियों को नियुक्ति की तारीख से 100% वेतन देने का आदेश दिया था।

राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की मांग की है। सरकार ने इसके लिए 13 प्रमुख आधार बताए हैं। उसका कहना है कि 2019 से अब तक प्रोबेशन पर रहे कर्मचारियों को 100% वेतन के हिसाब से अंतर की राशि एक साथ देने पर राज्य के खजाने पर बड़ा अतिरिक्त भार पड़ेगा। सरकार के मुताबिक पुराने कर्मचारियों के एरियर के भुगतान के साथ बढ़े हुए वेतन का असर भविष्य की भर्तियों के बजट प्रबंधन पर भी पड़ सकता है। याचिका में पुलिस, पटवारी और शिक्षक भर्ती जैसी बड़ी नियुक्तियों का उल्लेख किया गया है। राज्य का कहना है कि पुराने एरियर के भुगतान और नई भर्तियों के वित्तीय प्रबंधन का असर पूंजीगत कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं के बजट पर भी पड़ सकता है।

राज्य सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 309 का हवाला देते हुए कहा है कि सरकारी कर्मचारियों की नियुक्ति और सेवा शर्तों से जुड़े नियम बनाने का अधिकार राज्य सरकार के पास है। सरकार के मुताबिक 70-80-90% वेतन की व्यवस्था मनमाने तरीके से लागू नहीं की गई थी। इसे वित्त विभाग और सामान्य प्रशासन विभाग में प्रक्रिया, परीक्षण और विचार-विमर्श के बाद सक्षम स्तर की मंजूरी से लागू किया गया था।

## सम्यक दर्शन, ज्ञान और चारित्र की एकता ही मोक्ष का मार्ग

# शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में पर्युषण महापर्व शुरू, उत्तम क्षमा धर्म की हुई विशेष आराधना

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पर्युषण महापर्व के पावन अवसर पर बुधवार को लक्ष्मी नगर-सेठी नगर स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में विराजमान मुनि श्री 108 प्रणीत सागर जी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित किया। उन्होंने तत्वार्थ सूत्र के प्रथम अध्याय पर सारगर्भित प्रवचन देते हुए कहा कि सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र की एकता ही मोक्ष का मार्ग है। जब तक जीव के अंदर सच्ची श्रद्धा, सच्चा ज्ञान और सच्चा आचरण नहीं आएगा, तब तक मुक्ति संभव नहीं है।

ट्रस्ट सचिव सुशील लुहाड़िया एवं समाज सचिव सचिन कासलीवाल ने बताया कि मुनिश्री ने आचार्य उमास्वामी महाराज द्वारा रचित तत्वार्थ सूत्र को जैन आगम का सार बताया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार औषधि पर विश्वास, उसका सही ज्ञान और सेवन, इन तीनों के मिलने से ही रोग ठीक होता है, उसी प्रकार सम्यक दर्शन, ज्ञान और चारित्र से ही संसार रुपी रोग मिटता है। उन्होंने सम्यग्दर्शन को सच्चे देव, शास्त्र और गुरु पर विश्वास, सम्यग्ज्ञान को वस्तुओं को सही रूप में जानना और सम्यक्चारित्र को पापों से निवृत्त होकर व्रत-संयम में स्थिर होना बताया।

### सुबह से शाम तक हो रहे धार्मिक आयोजन

मंदिर में प्रतिदिन सुबह 5.30 बजे से सामायिक, प्रतिक्रमण, मंगल अभिषेक, शांतिधारा और नित्य-नियम पूजा हो रही है। इसके पश्चात दशलक्षण धर्म मंडल विधान और मुनिश्री के मुखारविंद से तत्वार्थ सूत्र पर प्रवचन व शंका समाधान किया जा रहा है। दोपहर 1.30 बजे से 10 महाविधान एवं 1008 अर्घ्यावली का आयोजन हो रहा है। शाम 6.30 बजे से 22 परिषह ध्यान, श्रावक प्रतिक्रमण, भव्य आरती और शास्त्र सभा के साथ मुनिश्री के मंगल प्रवचन हो रहे हैं। गुरुवार को उत्तम मार्दव धर्म की पूजा होगी।

### 10 दिन चलेंगे विधान, चढ़ेंगे विशेष अर्घ्य

पर्व के दौरान 16 से 25 सितंबर तक क्रमशः उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य और ब्रह्मचर्य धर्म की आराधना की जाएगी। इन दस दिनों में प्रतिदिन दोपहर में होने वाले विधानों में क्रमबद्ध रूप से इलायची, बादाम, लौंग, चारोली, काजू, धूप, अक्षत, मणि-रत्न, पुष्प और श्रीफल के अर्घ्य अर्पित किए जाएंगे। वहीं शाम को प्रतिदिन क्षुधा-पिपासा, शीत-उष्ण, अरति-स्त्री, चर्या-निषद्या सहित सभी 22 परिषहों पर ध्यान किया जाएगा।

# गजानन महाराज के 116वें समाधि दिनोत्सव पर गूंजे शास्त्रीय स्वर

## अशोक विहार कॉलोनी स्थित मंदिर में सहस्त्र मोदक हवन व महाप्रसाद का हुआ आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्री भागवत धर्म सेवा न्यास द्वारा संचालित अशोक विहार कॉलोनी स्थित श्री गजानन महाराज मंदिर में ऋषि पंचमी के अवसर पर महाराज का 116वां समाधि दिनोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान सुबह विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए, वहीं शाम को शास्त्रीय संगीत व अभंगों की शानदार प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



महोत्सव की शुरूआत सुबह काकड़ आरती के साथ हुई। इसके पश्चात महाराज की चरण पादुकाओं का पूजन और अभिषेक किया गया। उज्जैन के वेद मूर्ति प्रसाद वेरुलकर के मार्गदर्शन में सहस्त्र मोदक हवन संपन्न हुआ। सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति में महाआरती की गई और सभी श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया गया। शाम के सत्र में सामूहिक श्री विष्णुसहस्त्रनाम पाठ का आयोजन हुआ। इसके बाद छत्रपति संभाजी नगर महाराष्ट्र से पधारे पंडित गिरीश गोसावी ने सुमधुर शास्त्रीय व अभंग गायन प्रस्तुत किया। उन्होंने राग भीमपलासी में 'मोरे मन को फंसिया' और 'कन्हैया खोजत हूं कुंज निकुंज' बड़े ख्याल के साथ प्रस्तुत किया। वहीं 'जां वा हूं देसा, अब घर में' छोटे ख्याल में उनके सधे हुए आलाप व मुरकियों ने उपस्थित श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। शास्त्रीय गायन के पश्चात संतों द्वारा रचे गए अभंगों का मनमोहक प्रस्तुतीकरण हुआ। कार्यक्रम का समापन राग भैरवी के साथ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मराठी समाज के लोग और श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन की जानकारी न्यास के अध्यक्ष डॉ. मुकुंद गोखले और सचिव हर्षवर्धन गोरे द्वारा दी गई।

### ग्वालियर में डेंगू के 94 मरीज आए सामने

**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले में बारिश के बाद जमा हो रहे पानी और बदलते मौसम के साथ डेंगू और मौसमी बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। हालिया आंकड़ों के अनुसार, जिले में जनवरी से अब तक डेंगू पॉजिटिव मरीजों की संख्या 94 हो चुकी है। इसके अलावा चिकनगुनिया और मौसमी बुखार के मामलों ने भी स्वास्थ्य अमले की चिंता बढ़ा दी है।

## ग्वालियर में स्कूल जा रहे छात्र पर कुत्ते का हमला

**ग्वालियर।** ग्वालियर शहर से सटे डबरा क्षेत्र में आवारा कुत्तों का खौफ थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार सुबह स्कूल जा रहे एक 16 वर्षीय छात्र पर आवारा कुत्ते ने जानलेवा हमला कर दिया। उसने छात्र के पैर के पंजे को अपने मजबूत जबड़े में जकड़कर मांस नोच लिया। चीख-पुकार सुनकर मौके पर मौजूद राहगीरों ने बमुश्किल कुत्ते को भगाकर छात्र की जान बचाई। गंभीर हालत में परिजन छात्र को इलाज के लिए ग्वालियर के 1000 बिस्तर अस्पताल लेकर पहुंचे हैं, जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के मुताबिक, डबरा निवासी प्रकाश बघेल का 16 वर्षीय बेटा आनंद बघेल रोजाना की तरह सुबह करीब 8 से 8:30 बजे के बीच अपने स्कूल जाने के लिए घर से निकला था। वह रास्ते में पैदल जा ही रहा था कि अचानक एक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। आनंद जब तक संभल पाता, कुत्ते ने उसके पैर के पंजे को दबोच लिया और गहरा घाव कर दिया।

# कूनो में अनोखी दोस्ती...: भारत में जन्मे और बोत्सवाना के चीते ने बनाया 'भाइयों जैसा' रिश्ता

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

भारत में प्रोजेक्ट चीता के चार साल पूरे होने के साथ ही कूनो नेशनल पार्क से वन्यजीव इतिहास का एक अनोखा मामला सामने आया है। भारत में जन्मे 16 महीने के नर चीते (केएनजी-23) और छह महीने पहले बोत्सवाना से लाए गए 2 वर्षीय नर चीते (सीसीबी-4) के बीच जुड़वा भाइयों जैसा गहरा सामाजिक गठबंधन बन गया है।

मप्र की पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ डॉ. समीता राजौरा के मुताबिक नर चीतों में ऐसा जुड़ाव आमतौर पर केवल सगे भाइयों के बीच होता है। बिना किसी पारिवारिक संबंध के, दो अलग-अलग देशों के चीतों द्वारा आपस में मिलकर टीम बनाना दुनिया की पहली और ऐतिहासिक घटना है।दोनों चीते बिना किसी आक्रामकता के एक साथ शिकार साझा करते हैं, एक-दूसरे को पुकारने के लिए आवाज निकालते हैं, एक-दूसरे की सफाई (ग्रूमिंग) करते हैं और रक्षा भी करते हैं। मार्च में घायल केएनजी-23 को इलाज के लिए बाड़े में रखा गया था, जहां बोत्सवाना से आया सीसीबी-4 भी अकेला था। पास के बाड़ों में रहते हुए दोनों में सकारात्मक रुचि दिखी। जुलाई में प्रबंधन ने दोनों के बीच की बाड़ हटा दी, जिसके बाद दोनों ने शांतिपूर्वक साथ रहना और भोजन साझा करना शुरू कर दिया।



### 4 साल में भारत में चीतों का कुनबा बढ़कर हुआ 52

2022 से 2026 के बीच अफ्रीका के तीन देशों (नामीबिया, दक्षिण अफ्रीका और बोत्सवाना) से 29 चीते लाए गए, जिनमें से 20 जीवित हैं। इस दौरान भारत की धरती पर 49 चीतों का जन्म हुआ, जिनमें से 32 जीवित हैं। वर्तमान में देश में कुल 52 चीते हैं (कूनो में 49 और गांधी सागर में 3)। इनमें से नामीबियाई मूल के कुनबे में 25, दक्षिण अफ्रीकी मूल के 18 और बोत्सवाना मूल के सभी 9 चीते पूरी तरह स्वस्थ हैं।


**खादी और ग्रामोद्योग आयोग**
सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार,
ग्रामोदय, 3, इर्ला रोड, विलेपार्ले (पश्चिम), मुंबई-400 056
टेलैफैक्स: 022-2671 4267, ई-मेल: adm.kvic@gov.in
वेबसाइट: www.kvic.org.in

सत्यमेव जयते
सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार
Ministry of Micro, Small & Medium Enterprises
Government of India

**संविदात्मक आधार पर युवा पेशेवरों, सलाहकारों और वरिष्ठ परामर्शदाताओं की नियुक्ति**

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित एक सांविधिक निकाय है और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (भारत सरकार) के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करता है। भविष्य में विकास एवं परिवर्तन से संबंधित चुनौतियों का सामना करने और विकास की गति को तेज करने के उद्देश्य से, केवीआईसी निम्नलिखित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्र. सं. | पद | रिक्तियों की संख्या | आवश्यक शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव |
|---|---|---|---|
| 1 | पेशेवर युवा | 20 | मास्टर्स डिग्री/ संबंधित क्षेत्र में स्नातकोत्तर |
| 2 | सलाहकार | 15 | सरकारी विभाग/पीएसयू से सेवानिवृत्त/स्वैच्छिक रूप से सेवानिवृत्त व्यक्ति एवं संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम 15 वर्षों का अनुभव। |
| 3 | वरिष्ठ परामर्शदाता | 15 | मास्टर्स डिग्री/स्नातकोत्तर के साथ संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव। |

•तैनाती का स्थान: केंद्रीय कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, 'ग्रामोदय', 3 इर्ला रोड, विले पार्ले (पश्चिम), मुंबई-400 056

**•पंजीकरण और आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 30.09.2026**

विस्तृत निबंधन एवं शर्तों के लिए केवीआईसी की वेबसाइट **www.kvic.gov.in** के रिक्तियां सेक्शन के अंतर्गत अपलोड किए गए विस्तृत विज्ञापन को देखें।

**निदेशक/ प्रभारी (प्रशा. एवं मानव संसाधन)**
**केवीआईसी, मुंबई**

# पंकज त्रिपाठी-प्रीति जिंटा होंगे फिल्म सेंसर बोर्ड के मेंबर

## सरकार ने सेंसर बोर्ड में 7 साल बाद बदलाव किया, 18 नए सदस्य शामिल किए



सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सेंसर बोर्ड यानी सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (उइऋछ) का पुनर्गठन कर दिया है। मंत्रालय ने 18 सदस्यों वाले नए बोर्ड का ऐलान किया है। इस नई टीम में सिनेमा और टीवी इंडस्ट्री के कई बड़े चेहरों को शामिल किया गया है।

इनमें एक्ट्रेस प्रीति जिंटा, एक्टर सुनील शेट्टी, पंकज त्रिपाठी, टीवी एक्ट्रेस रुपाली गांगुली, पल्लवी जोशी और बंगाली सिनेमा के दिग्गज एक्टर प्रोसेनजीत चटर्जी का नाम प्रमुख है। नया बोर्ड सिनेमाग्राफ एक्ट के तहत 3 साल की अवधि या अगले आदेश तक काम करेगा। 18 सदस्यीय बोर्ड में सिर्फ एक्टर्स ही नहीं, बल्कि सिनेमा और संगीत जगत की अन्य हस्तियों को भी जगह दी गई है। इनमें तीन बार के ग्रैमी अवॉर्ड विजेता संगीतकार रिकी केज, जाने-माने निर्देशक प्रियदर्शन, हंसराज हंस और नीला माधब पांडा शामिल हैं।

इसके अलावा मनोज जोशी, विनोद अनुपम, अभिषेक जैन, सुप्रिया यार्लागड्डा, यतींद्र मिश्र, निशिगंधा वाड, वामन केंद्रे और रमेश पतंगे को भी बोर्ड में मेंबर बनाया गया है।

### 2017 के बाद पहली बार हुआ बोर्ड पुनर्गठन

बोर्ड का यह पुनर्गठन लंबे समय के अंतराल के बाद हुआ है। इससे पहले सेंसर बोर्ड का औपचारिक पुनर्गठन अगस्त 2017 में किया गया था। इस महीने की शुरूआत में सेंसर बोर्ड ने 6 साल में अपनी पहली बैठक की थी। उस बैठक में बोर्ड के मेंबर्स ने फिल्मों के सर्टिफिकेशन से जुड़े मुद्दों, रिवाइजिंग कमेटियों के कामकाज और नियम-कायदों पर विस्तार से चर्चा की थी। सिनेमैटोग्राफ एक्ट के तहत मिले अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए केंद्र सरकार ने यह नई टीम बनाई है। नया बोर्ड अगले 3 साल तक या सरकार के अगले आदेश तक अपने पद पर बना रहेगा।

# तृषा को थलापति विजय के साथ न दिखने की सलाह



### रेस में साथ पहुंचने से फिर चर्चा में आया अफेयर रूमर

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और एक्टर थलापति विजय ने शनिवार को सिल्वरस्टोन में मिशेलिन ले मैन्स कप रेस की हरी झंडी दिखाकर ओपनिंग की। साउथ स्टार अजीत कुमार इस रेस में शामिल थे, जिन्होंने 38वां स्थान हासिल किया है। हालांकि इस रेस के दौरान थलापति विजय के साथ रूमर्ड गर्लफ्रेंड तृषा कृष्णन की मौजूदगी ने ध्यान खींच लिया है।

## एक्ट्रेस अंबिका बोलीं- अगर इससे वो शर्मिंदगी का सामना करते हैं, तो सावधानी बरतनी चाहिए

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और अभिनेता विजय तथा अभिनेत्री त्रिशा कृष्णन की हालिया साथ मौजूदगी फिर चर्चा में है। दोनों ब्रिटेन के सिल्वरस्टोन में अजित कुमार की ले मैन्स कप रेस में नजर आए। विजय ने इस इवेंट को फ्लैग ऑफ किया। रेस से एक वीडियो सामने आया, जिसमें तृषा, विजय के साथ बालकनी में नजर आईं।



इसी बीच दिग्गज अभिनेत्री अंबिका ने तृषा को विजय के साथ सार्वजनिक जगहों पर दिखने को लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी। अंबिका ने साउथ की न्यूज वेबसाइट रेडपिक्स को दिए इंटरव्यू में कहा, तृषा को शायद लगता होगा कि वो और विजय सिर्फ दोस्त हैं, तो उन्हें आलोचना से फर्क नहीं पड़ता। लेकिन विजय एक बड़े पद पर हैं और साथ नजर आने से उसे शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है या इसका बुरा असर पड़ता है, तो मैं अगर तृषा की जगह होती तो ऐसा नहीं करती। मैं पीछे हट जाती और विजय के लिए मुश्किल खड़ी नहीं करती। अंबिका ने यह भी कहा कि सिर्फ इसलिए दोस्ती खत्म नहीं की जा सकती, क्योंकि दोनों में से एक व्यक्ति बड़े पद पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा, जब दो लोग दोस्त होते हैं और उनमें से एक जिंदगी में ऊंचे मुकाम पर पहुंच जाता है, तो हम उस दोस्ती को नकार नहीं सकते। हमें उसे कोई दूसरा रंग नहीं देना चाहिए।

# उल्टी आरती कर रहे थे सलमान खान, बहन ने टोका




सलमान खान मंगलवार को खान परिवार के गणपति विसर्जन में शामिल हुए। उन्होंने परिवार के साथ बप्पा की आरती की। इस बार खान परिवार ने सोहेल खान के घर गणेश चतुर्थी का आयोजन किया था।

अब खान परिवार के विसर्जन का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें सलमान खान गणपति बप्पा की उल्टी आरती करते दिखे हैं। कुछ देर बाद बहन अर्पिता ने उन्हें टोकते हुए सही तरीका बताया, जिसके तुरंत बाद सलमान ने गलती सुधार ली। सलमान खान के परिवार के गणपति विसर्जन में उनकी रूमर्ड गर्लफ्रेंड यूलिया वंतूर भी पहुंची। सलमान के ठीक बाद यूलिया ने आरती की। अर्पिता खान उन्हें भी आरती सिखाती दिखीं।

### विसर्जन से पहले खान परिवार ने की आरती

सोहेल खान के बिल्डिंग परिसर में हुए गणेश विसर्जन में पूरा खान परिवार शामिल रहा। सोहेल खान, अर्पिता शर्मा ने बच्चों के साथ आरती की। वहीं हेलेन और अन्य मेहमानों ने भी बप्पा के दर्शन किए।



# सिद्धार्थ-तमन्ना की फिल्म 'वन' का ट्रेलर रिलीज

सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया की अपकमिंग फैंटेसी फिल्म 'वन' का ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 2 मिनट 44 सेकंड का यह ट्रेलर एक रहस्यमयी और प्रतिबंधित जंगल की कहानी दिखाता है, जहां आस्था और लोककथाओं का मिलन होता है।

फिल्म में सिद्धार्थ एक नास्तिक व्यक्ति के किरदार में हैं, जो जंगल के भीतर की शक्तियों और भूतों से मुकाबला करते नजर आते हैं। 'पंचायत' वेब सीरीज के निर्देशक दीपक कुमार मिश्रा के निर्देशन में बनी यह फिल्म 25 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर की शुरूआत में तमन्ना भाटिया और सिद्धार्थ मल्होत्रा के किरदारों की बातचीत दिखाई गई है। तमन्ना का किरदार छठ पूजा की छुट्टियों में जंगल की तरफ जाने की बात करता है, जबकि सिद्धार्थ का किरदार बहाने बनाता दिखता है। तमन्ना का मानना है कि उन्हें देवी ने खुद बुलाया है।


इसके बाद कहानी में कई अकल्पनीय घटनाएं घटने लगती हैं। यहां 'वन देवी' का प्राचीन मंदिर है। इस मंदिर से पुरानी लोककथाएं फिर से जीवित हो उठती हैं।

### सूरज पंचोली बोले- कभी दिशा सालियान से नहीं मिला

एक्टर सूरज पंचोली ने एक्टर सुशांत सिंह की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत के मामले में खुद का नाम जोड़े जाने पर सफाई दी है।इंस्टाग्राम पर एक लंबा बयान जारी कर सूरज ने कहा कि वे जीवन में कभी भी दिशा सालियान या शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे से न तो सीधे मिले हैं और न ही अप्रत्यक्ष रूप से। सूरज ने अपना नाम इस केस में घसीटे जाने को गलत बताते हुए कहा कि 4-5 साल पहले सीबीआई और पुलिस उनका बयान दर्ज कर चुकी है। फिर भी अगर जांच एजेंसियां पूछताछ करना चाहें तो वे पूरे सहयोग के लिए तैयार हैं। सूरज पंचोली ने अपनी इन्स्टाग्राम पोस्ट में लिखा कि बीते कुछ सालों से कई मीडिया रिपोर्ट्स और बयानों में लगातार उनका नाम दिशा सालियान की मौत से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने लिखा कि वे हर रिपोर्ट का जवाब नहीं देना चाहते थे, लेकिन बार-बार एक ही बात होने पर बोलना जरूरी हो गया था।

सूरज ने कहा कि बिना किसी सबूत या तथ्यों के उनका नाम इस मामले में घसीटना बहुत परेशान करने वाला और गलत है। उन्होंने अपील की कि बिना पुख्ता सबूतों के किसी की मौत को जरिया बनाकर दूसरे इंसान की छवि खराब नहीं की जानी चाहिए।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...




## रंग भरकर चित्र बनाओ




## जोक्स

पति- तुम बहुत प्यारी हो...!.
पत्नी - थैंक्स...!
पति - तुम बिल्कुल राजकुमारी जैसी हो...!
पत्नी - थैंक्यू सो मच...!
और बताओ क्या कर रहे हो...?
पति - खाली बैठा था, सोचा मजाक ही कर लूं...!

भिखारी- भगवान के नाम पर कुछ दे दो, दो दिन से कुछ नहीं खाया।
चिंटू ने 500 का नोट निकाला और पूछा 300 रुपये खुल्ले हैं?
भिखारी- हां, हैं।
चिंटू- तो उसी से कुछ लकेर खा लो भाई।



## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**

1. पाबंदी, संयम, पाश-3
3. मनुष्य, इंसान-3
5. शारीरिक, ऊंचाई-2
6. नलका, टूटी
8. प्रलय, महासंकट-4
11. दही से बना खाद्य पदार्थ-3
13. निर्माण, निर्मिती-3
14. हुनर, आर्ट-2
15. उम्मीद, आशा-2
16. खाना बनाना-3
18. असफल, अनुतीर्ण-3
20. आभास, भास-3
22. वध-2
24. जी, इच्छा, चित-2
25. सब्जी का सड़ना, बर्फ का पिघलना-3
26. याद करना-3

**ऊपर से नीचे**

1. हड़ताल, स्थिर, रुका हुआ-2
2. लवण-3
3. विश्राम, राहत-3
4. मछली, मत्स्य, राशि चक्र की एक राशि-2
5. बूंद-3
7. शरमाना-3
9. दोस्त, मित्र-2
10. बहुत प्यासा होना-4
12. एकटक निहारना-3
16. शरण, आश्रय-3
17. सम्मान-2
19. चिंतन-3
20. मकान, इमारत-3
21. कमी, थोड़ा-3
23. तज देना-2
24. इंकार, मनाही-2


## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | | 22 | | 63 | | 20 | = | 29 |
| | | | | | | | | |
| 22 | | 2 | | 20 | | 2 | = | 80 |
| | | | | | | | | |
| 25 | | 3 | | 70 | | 50 | = | 55 |
| | | | | | | | | |
| 40 | | 30 | | 35 | | 15 | = | 20 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 43 | | 17 | | 48 | | 57 | = | 14 / 69 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल



शब्दजाल में 'भारत के प्रमुख 10 चुनाव आयुक्तों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं.


सुकुमार सेन, डॉ. नगेन्द्रसिंह, टी. स्वामीनाथन, टी.एन. शेषन, मनोहरसिंह, टी.एस. कृष्णमूर्ति, बी.बी.टंडन, एन. गोपालस्वामी, जे.एम. लिंगदोह, आर. के. त्रिवेदी

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 4 | 5 | | |
| 2 | 25 | | 32 | 4 | 36 | 2 |
| 7 | | 1 | 6 | | | |
| | 34 | 6 | 31 | 6 | 33 | 5 |
| | 5 | | 3 | | | 1 |
| | 37 | 5 | 31 | | 30 | 3 |
| | 5 | | 6 | 1 | | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


### माथा पच्ची का हल



### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 |
| 5 | 30 | 3 | 21 | 1 | 35 | 7 |
| 1 | 6 | 2 | 4 | 3 | 7 | 5 |
| 2 | 29 | 6 | 40 | 7 | 34 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 1 | 2 |
| 6 | 33 | 4 | 42 | 5 | 26 | 1 |
| 3 | 1 | 7 | 6 | 2 | 5 | 4 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकु नवताल

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल ___ का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

## अमेरिका में कवरेज के दौरान एनबीसी चैनल का हेलिकॉप्टर क्रैश



ब्रह्मास्त्र ▸▸ लॉस एंजिल्स

अमेरिका के लॉस एंजिल्स में मंगलवार शाम ठइउ न्यूज का हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। हेलिकॉप्टर एक बस और ट्रक की टक्कर की कवरेज कर रहा था। हादसे की खबर मिलते ही एनबीसी लॉस एंजिल्स ने लाइव कवरेज रोक दी। हेलिकॉप्टर में पायलट जॉर्ज मार्सिनिव और फोटो जर्नलिस्ट एलियाना मोरेनो सवार थे। दोनों की मौत हो गई। जमीन पर मौजूद एक शख्स की भी हादसे में मौत हुई है। फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, हादसे के बाद 2 लोगों को अस्पताल ले जाया गया। उनकी हालत की जानकारी नहीं दी गई। हेलिकॉप्टर लॉस एंजिल्स के सैन फर्नांडो वैली के चैट्सवर्थ इलाके में एक सेल्फ-स्टोरेज फैसिलिटी के पास पार्किंग में गिरा। इसके बाद हेलिकॉप्टर में आग लग गई और पास खड़ी गाड़ियां भी इसकी चपेट में आ गईं।

एनबीसी एंकर कोलीन विलियम्स ने लाइव शो के दौरान बताया कि स्टेशन का हेलिकॉप्टर शाम करीब 7 बजे क्रैश हुआ। उन्होंने कहा कि चैनल का हेलिकॉप्टर में सवार लोगों से संपर्क टूट गया था। हेलिकॉप्टर क्रैश से करीब 2 घंटे पहले नॉर्डहॉफ स्ट्रीट पर लॉस एंजिल्स मेट्रो बस और एक यात्री वाहन की टक्कर हुई थी। फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, इस हादसे में 2 लोगों की मौत हुई और कई लोग घायल हुए।

## सऊदी ने मक्का के पास हूती ड्रोन मार गिराया, यह इस्लाम का सबसे पवित्र शहर

**मक्का।** सऊदी अरब के एयर डिफेंस सिस्टम ने मंगलवार को मक्का के दक्षिण में एक हूती ड्रोन को इंटरसेप्ट कर नष्ट कर दिया। सऊदी नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन ने बुधवार को बताया कि ड्रोन को मक्का के प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में दाखिल होने से पहले ही मार गिराया गया। सैन्य गठबंधन के प्रवक्ता तुर्की अल-मलिकी ने कहा कि इस्लाम के पवित्र स्थलों और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सऊदी अरब के लिए रेड लाइन है। उन्होंने कहा कि गठबंधन हूतियों के खिलाफ जरूरी कदम उठाएगा।

वहीं हूति विद्रोहियों ने मक्का या दूसरे पवित्र स्थलों को निशाना बनाने की बात से इनकार किया है। हूतियों की समाचार एजेंसी रअइअ के मुताबिक, संगठन से मक्का या अन्य पवित्र स्थलों को कोई खतरा नहीं है। मक्का इस्लाम का सबसे पवित्र शहर है। यहां मुस्लिमों के प्रमुख पवित्र स्थल हैं और हर साल दुनिया भर से लाखों लोग हज के लिए पहुंचते हैं। अल-मलिकी ने इस घटना को मक्का को निशाना बनाने की हूतियों की दूसरी कोशिश बताया। इससे पहले जुलाई 2017 में गठबंधन ने हूतियों पर मक्का की ओर बैलिस्टिक मिसाइल दागने का आरोप लगाया था। ईरान से जुड़े हूतियों का आरोप है कि सऊदी अरब यमन में हवाई हमले कर रहा है और क्रूज मिसाइलें दाग रहा है। यमन के दक्षिणी और पश्चिमी हिस्सों में हूती लड़ाकों और सऊदी समर्थित सरकारी बलों के बीच भारी लड़ाई चल रही है। इसी बीच हूतियों ने यमन के पश्चिमी लाल सागर तट पर तेजी से अपना कब्जा बढ़ाया है। उन्होंने सोमवार को इस इलाके में दो और द्वीप ग्रेटर हनीश और लेसर हनीश पर भी कब्जा कर लिया। ये दोनों द्वीप बाब अल-मंदेब स्ट्रेट से करीब 160 किमी उत्तर में स्थित हैं।

## आदित्य ठाकरे बोले- मैं दिशा सालियान को नहीं जानता

**मुंबई।** शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे ने बुधवार को दावा किया कि वह दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिवंगत दिशा सालियन को कभी नहीं जानते थे और न ही उनसे कभी मिले थे। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि कुछ लोग राजनीतिक फायदे के लिए उन्हें बदनाम करने के लिए जानबूझकर उनका नाम इस मामले से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। आदित्य का यह बयान उइक की तरफ से 2020 के दिशा मौत मामले में ऋक्रफ दर्ज करने के 2 दिन बाद आया है। एफआईआर में किसी को आरोपी नहीं बनाया गया है।

28 साल की सालियन की मौत 8 जून, 2020 को मुंबई के मलाड इलाके में एक रिहायशी इमारत की 12वीं मंजिल से गिरने के बाद हुई थी। बॉम्बे हाईकोर्ट के निर्देश के बाद दिशा के पिता सतीश सालियान ने कहा था कि दिशा का गैंगरेप और हत्या हुई। मामले को दबाने की कोशिश की गई। उन्होंने आदित्य ठाकरे समेत अन्य लोगों के खिलाफ ऋक्रफ की मांग की थी। उन्होंने यह भी कहा था- मैं 6 साल से इसका इंतजार कर रहा था। खुश होने की कोई वजह नहीं है। मैंने अपनी बेटी को खोया है। आज मुझे राहत महसूस हो रही है। मैंने हाथ जोड़कर जज के प्रति आभार जताया।

## भारत ने पाक-चीन सीमा आयोग को खारिज किया

**नई दिल्ली।** भारत ने बुधवार को इस्लामाबाद में शुरू किए गए पाकिस्तान-चीन सीमा आयोग को खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को भारत का अभिन्न हिस्सा है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान और चीन के बीच कोई सीमा मौजूद नहीं है। मंत्रालय के मुताबिक, यह आयोग बिना किसी कानूनी आधार के बनाया गया है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान को भारतीय क्षेत्र से जुड़े किसी भी समझौते में शामिल होने का अधिकार नहीं है। उसने पाकिस्तान से अवैध कब्जे वाले इलाके खाली करने को कहा।

### अमेरिका को छोड़कर कनाडा अब यूरोप के साथ आएगाः

# यूरोपीय संघ का पहला एसोसिएट मेंबर बनेगा, सुरक्षा मजबूत करेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका के साथ बढ़ते तनाव के बीच कनाडा अब यूरोप के और करीब जाने की तैयारी कर रहा है। कनाडा यूरोपीय संघ का पहला एसोसिएट मेंबर बनने जा रहा है।

EU में यूरोप के 27 देश शामिल हैं। कनाडा इन देशों की तरह एव के फैसलों पर वोट नहीं कर सकेगा। हालांकि, वह कई अहम मुद्दों पर एव के साथ मिलकर काम करेगा। इनमें रक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, टेक्नोलॉजी, ऊर्जा, जरूरी खनिज और व्यापार जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा कनाडा यूरोप की सुरक्षा मजबूत करने के लिए बनाई जाने वाली एक नई सिक्योरिटी काउंसिल में भी शामिल हो सकता है। इसमें ब्रिटेन और यूक्रेन जैसे वे देश भी शामिल होंगे, जो EU के सदस्य नहीं हैं।

अमेरिका और कनाडा के बीच व्यापार को लेकर विवाद करीब 18 महीने से चल रहा है। जुलाई में ट्रम्प ने कनाडा पर अमेरिकी उद्योगों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया था। इसके बाद ट्रम्प ने एक पुराने कानून का इस्तेमाल करते हुए कनाडा से आने वाले कुछ सामान पर 50% तक टैरिफ लगाने का फैसला किया। जवाब में कनाडा ने भी अमेरिका से आने वाले कई सामान पर 50% तक टैरिफ लगा दिया। इससे पहले दोनों देशों के बीच कई महीनों तक बातचीत चली थी। लेकिन 21 अगस्त को बातचीत टूट गई। इसके बाद दोनों देशों के बीच टैरिफ वॉर और तेज हो गई।



### कनाडा के प्रधानमंत्री ने यूरोपीय संघ के साथ जुड़ने की इच्छा जताई थी

यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने बुधवार को कहा कि यूरोपीय संघ कनाडा के लिए अपने दरवाजे खोलना चाहता है। उन्होंने कहा कि कनाडा और यूरोप के बीच सहयोग को और मजबूत किया जा सकता है। इस दौरान कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी भी मौजूद थे। कार्नी ने पिछले हफ्ते यूरोपीय संघ के साथ एक गठबंधन बनाने की इच्छा जताई थी। उनका कहना था कि बदलती वैश्विक परिस्थितियों में कनाडा और यूरोप के बीच रिश्तों को और मजबूत करना जरूरी है। यूरोपीय संघ के नियमों में अभी एसोसिएट मेंबर जैसी कोई सदस्यता नहीं है। इसलिए अगर कनाडा को यह दर्जा देना है, तो एव को इसके लिए नए नियम बनाने होंगे। इसके लिए सभी सदस्य देशों की सहमति भी जरूरी होगी। इस तरह की सदस्यता का विचार पहली बार इस साल जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने यूक्रेन के लिए रखा था। हालांकि, यूक्रेन ने इसमें ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई। वह यूरोपीय संघ का पूरा सदस्य बनना चाहता है। अमेरिका के लगाए टैरिफ और चीन से बढ़ती कारोबारी चुनौती के बीच यूरोपीय संघ और कनाडा पहले से ही एक-दूसरे के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। दोनों के बीच उएळअ नाम का एक व्यापार समझौता है। इसके तहत ज्यादातर सामान पर लगने वाला आयात शुल्क खत्म हो चुका है। इस साल कनाडा यूरोप के एक बड़े रक्षा फंड से जुड़ने वाला पहला गैर-यूरोपीय देश भी बना है। इससे कनाडा और यूरोपीय देशों के बीच रक्षा के क्षेत्र में सहयोग और बढ़ने की उम्मीद है। वॉन डेर लेयेन ने कहा कि दुनिया में ताकत सिर्फ बड़े या अमीर देशों के पास नहीं होनी चाहिए। लोकतांत्रिक देशों को यह तय करने का अधिकार होना चाहिए कि वे किन देशों के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं।

### अमेरिका का कनाडा के डेयरी प्रोडक्ट और शराब पर बैनः मोटरसाइकिलों पर भी रोक



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा से आने वाले डेयरी प्रोडक्ट, शराब और मोटरसाइकिलों पर रोक लगाने का फैसला किया है। यह बैन 29 सितंबर से लागू होगा। ट्रम्प ने यह फैसला कनाडा की ओर से अमेरिकी सामान पर 50% तक जवाबी टैरिफ लगाने के बाद लिया है। ट्रम्प के आदेश के तहत कनाडा से आने वाली शराब, वाइन और अल्कोहल-फ्री बीयर पर रोक लगेगी। इसके अलावा दूध से बने कुछ प्रोडक्ट भी अमेरिका में नहीं आ सकेंगे। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि बैन को सीमित रखा गया है, ताकि अमेरिकी लोगों के लिए सामान की कीमतें अचानक न बढ़ें। ट्रम्प के नए बैन से कुछ घंटे पहले कनाडा ने कई अमेरिकी सामान पर 50% तक जवाबी टैरिफ लागू किया था। कनाडा ने ये टैरिफ अमेरिका के लगाए टैरिफ के जवाब में लगाए हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने ट्रम्प की व्यापार नीति का विरोध किया है। कनाडा का कहना है कि अमेरिका जितने डॉलर के सामान पर टैरिफ लगाएगा, वह भी लगभग उतने ही मूल्य के अमेरिकी सामान पर जवाबी शुल्क लगाएगा।

# अमेरिका से पैसा निकालने लगे दुनिया के बड़े निवेशक

### 40 ट्रिलियन डॉलर के कर्ज से बढ़ी चिंता, सोना खरीद रहे, चीन में निवेश बढ़ा रहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका पर 40 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा का कर्ज है। इसके साथ ब्याज दरें, टैरिफ और दूसरे देशों पर लगाए जा रहे आर्थिक प्रतिबंध भी बढ़ रहे हैं। इससे दुनिया के कुछ निवेशक अब सोच रहे हैं कि अपना पैसा अमेरिका के अलावा कहां लगाया जाए।

कुछ बड़े सरकारी फंड अमेरिकी बॉन्ड में निवेश घटा रहे हैं। कई देशों के केंद्रीय बैंक सोना खरीदकर अपना भंडार बढ़ा रहे हैं। वहीं, जर्मनी की कंपनियों ने 2026 की पहली छमाही में अमेरिका में निवेश कम किया और चीन में निवेश बढ़ाया। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि दुनिया अमेरिका से पूरी तरह दूर हो रही है। डॉलर अभी भी दुनिया की सबसे बड़ी रिजर्व करेंसी है और अमेरिकी शेयर बाजार व बॉन्ड में अब भी बड़ी मात्रा में पैसा लगा हुआ है।




### अमेरिका को कर्ज लेने के लिए ज्यादा ब्याज देना पड़ रहा

अमेरिकी बॉन्ड बाजार में निवेशकों की चिंता अब साफ दिखने लगी है। 10 साल के अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड की यील्ड सितंबर में करीब 5  तक पहुंच गई। 11 सितंबर को यह 4.93 थी, जबकि इससे पहले 4.979 तक पहुंच चुकी थी। आसान भाषा में समझें तो यील्ड बढ़ने का मतलब है कि अमेरिका को कर्ज लेने के लिए निवेशकों को ज्यादा ब्याज देना पड़ रहा है। यानी सरकार के लिए कर्ज लेना महंगा होता जा रहा है। इसका असर आगे चलकर सरकारी खर्च पर भी पड़ सकता है।

### नॉर्वे अमेरिकी बॉन्ड में निवेश घटा सकता है

अमेरिका से निवेश कम करने वालों में नॉर्वे का सरकारी फंड भी शामिल है। करीब 2.3 ट्रिलियन डॉलर (?218.5 लाख करोड़) का यह फंड अमेरिकी सरकारी बॉन्ड में अपना पैसा कम करने की योजना बना रहा है। नॉर्वे के फंड में सरकारी बॉन्ड का हिस्सा 70 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। इसमें सबसे बड़ी कटौती अमेरिकी बॉन्ड में होने की संभावना है।

इससे अमेरिका के बॉन्ड में नॉर्वे का निवेश करीब 80 अरब डॉलर तक कम हो सकता है।

हालांकि, नॉर्वे सिर्फ अमेरिका से दूरी बनाने के लिए यह बदलाव नहीं कर रहा। वह जापान के सरकारी बॉन्ड और दूसरे तरह के बॉन्ड में पैसा लगाने पर भी विचार कर रहा है। इसका मकसद अपना पैसा अलग-अलग जगह लगाना और बेहतर कमाई के मौके तलाशना है।

## महुआ मोइत्रा का आरोप- मुझ पर अंडे फेंके गए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के तेहट्टा में बुधवार को ळटउ सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ प्रदर्शन हुआ। महुआ ने कहा कि इस दौरान उनके ऊपर अंडे फेंके गए। घटना के बाद महुआ ने वीडियो जारी किया। उन्होंने, ह्लमैं पश्चिम बंगाल पुलिस को सूचना देकर अपने क्षेत्र में एक मीटिंग के लिए आई थी। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने पुलिस की ही मदद से मुझ पर अंडे फेंके। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मुझसे कहा था, कृपया जाइए और अंडों का सामना कीजिए। इसलिए, मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र में आई। लेकिन करीब सात से दस लोग आए और मुझ पर हमला किया।" महुआ इससे पहले भी दो बार, 13 जून को कृष्णनगर कोर्ट के बाहर पेशी के दौरान और 1 जुलाई को कालीगंज में विधायक आवास के बाहर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अंडे फेंकने का दावा कर चुकी हैं। महुआ ने कहा कि अदालत के आदेश पर मेरे साथ चार पुलिसकर्मी मौजूद थे। पुलिस की मौजूदगी में भी यह सब चलता रहा, फिर और पुलिस बल आ गया और वे मुझे जबरन कार में बैठाने की जल्दी करने लगे।

# पाकिस्तानी नेवी शिप अरब सागर में भारतीय युद्धपोत से टकराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पाकिस्तानी नौसेना का एक जहाज अरब सागर के अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में भारतीय नौसेना के जहाज से टकरा गया। घटना मंगलवार शाम 7.10 की है। इससे पहले 2011 में भी दोनों देशों के जहाजों में टक्कर हुई थी। भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक, भारतीय युद्धपोत नियमित निगरानी मिशन पर था। इसी दौरान पाकिस्तानी जहाज तेज रफ्तार में आया और गलत दिशा में मुड़ गया, जिससे दोनों जहाज टकरा गए।

सूत्रों के हवाले से बताया कि पाकिस्तानी जहाज का नाम ढठर हुनैन है। इसे समुद्री निगरानी और गश्त के लिए इस्तेमाल किया जाता है। टक्कर में इसको नुकसान पहुंचा है। हालांकि, भारतीय नौसेना के जिस जहाज से इसकी टक्कर हुई, इसका पता नहीं चल पाया है।

घटना के बाद भारत ने नई दिल्ली में पाकिस्तान हाई कमीशन के चार्ज डी'अफेयर्स को तलब किया और कड़ा विरोध दर्ज कराया। भारत ने घटना को अस्वीकार्य और गैर-पेशेवर बताया। भारतीय नौसेना का एक युद्धपोत उत्तर अरब सागर में नियमित निगरानी मिशन पर था। इसी दौरान पाकिस्तानी नौसेना का एक जहाज तेज रफ्तार से भारतीय जहाज के करीब आ गया।

पाकिस्तानी जहाज ने जिस तरह अपनी दिशा बदली, उसे असुरक्षित और गैर-पेशेवर बताया गया है। इसके बाद दोनों जहाजों के बीच दूरी लगातार कम होती गई और आखिर में वे आपस में टकरा गए।

### बांग्लादेश की फैक्ट्रियों में काम रुका, फिलीपींस में मछुआरों ने नावें रोक दीं

# ईरान युद्ध से तेल महंगा, दुनियाभर में गुस्सा बढ़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ईरान

ईरान युद्ध का असर अब पश्चिम एशिया से बाहर भी दिखाई देने लगा है। कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई है। इसका असर हर देश में अलग तरह से दिख रहा है।

कहीं पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें हैं, कहीं खाना पकाने की गैस नहीं मिल रही। फिलीपींस में मछुआरे महंगे डीजल के कारण समुद्र में नहीं जा पा रहे हैं। बांग्लादेश में गैस और बिजली की कमी से कपड़ा फैक्ट्रियों का काम प्रभावित हुआ है। श्रीलंका में सरकार इस उलझन में है कि ईंधन की कीमत बढ़ाए या सब्सिडी देकर लोगों को राहत दे।



यानी तेल का संकट अब सिर्फ पेट्रोल पंप तक सीमित नहीं है। इसका असर परिवहन, खेती, मछली पालन, बिजली और उद्योग तक पहुंच रहा है। इंडोनेशिया के सुलावेसी प्रांत में खाना पकाने वाली गैस की कमी और बिजली कटौती की शिकायतें सामने आई हैं। कुछ जगहों पर पेट्रोल की राशनिंग भी शुरू की गई है। पेट्रोल पंपों के बाहर लंबी कतारें लग रही हैं। कई लोग खाली टैंक वाली बाइक को धक्का देकर पंप तक ले जाते नजर आ रहे हैं। ईंधन की राशनिंग के खिलाफ टैक्सी ड्राइवरों ने प्रदर्शन किया। जावा के योग्याकार्ता में छात्रों ने भी बढ़ती ईंधन कीमतों के खिलाफ विरोध किया। इंडोनेशिया के लिए मुश्किल यह है कि सरकार पहले से ही ईंधन पर सब्सिडी देती है। कच्चे तेल की कीमत अनुमान से ज्यादा बढ़ने पर इस सब्सिडी का खर्च भी बढ़ रहा है। मनीला बे के मछुआरे कई हफ्तों की बारिश के बाद समुद्र में लौटने की तैयारी कर रहे थे। लेकिन महंगे डीजल ने उनकी मुश्किल बढ़ा दी। बड़ी संख्या में मछुआरे नाव लेकर समुद्र में नहीं गए, क्योंकि उनके पास ईंधन खरीदने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं हैं। मछुआरा संगठन के नेता फर्नांडो हिकाप ने कहा कि कई लोग दोबारा मछली पकड़ने के लिए तैयार थे, लेकिन नाव में डालने के लिए ईंधन खरीदना उनके लिए मुश्किल हो गया है।

# आपदाः यूरोप- गर्मी से 35 हजार मौतें, नदियां सूखी, जंगल जले

### यूरोपीय संघ ने गर्मी को भी आपदा माना, हीटवेव से निपटने नया सिस्टम बनाएगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

यूरोप में इस साल भीषण गर्मी ने बड़ी तबाही मचाई है। हीटवेव से करीब 35 हजार लोगों की मौत हुई, कई नदियां सूख गईं और जंगलों में आग लगी। हालात को देखते हुए यूरोपीय संघ अब गर्मी को भी बड़ी आपदा मानकर इससे निपटने के लिए नया सिस्टम बनाने की तैयारी कर रहा है।

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने बुधवार को कहा कि इस साल की गर्मी ने यूरोप को बड़ा सबक दिया है। भीषण गर्मी के कारण यूरोप की कई बड़ी नदियों में पानी कम हो गया। इनमें डेन्यूब, राइन और फ्रांस की गारोन नदी भी शामिल हैं। वॉन डेर लेयेन ने कहा कि कई अस्पताल और बुजुर्गों के केयर होम इतनी ज्यादा गर्मी की चपेट में आ गए कि वहां रहना मुश्किल हो गया। उनके मुताबिक, गर्मी का असर शुरूआती अनुमान से कहीं ज्यादा रहा।

इस साल यूरोप के कई देशों में जंगलों में भयानक आग लगी। इससे करीब 6.60 लाख हेक्टेयर जमीन जल गई और करीब 1.2 करोड़ टन फसलें बर्बाद हो गईं। उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि एव अब आग के सबसे ज्यादा खतरे वाले 100 इलाकों की पहचान करेगा।

इन इलाकों में आग लगने के खतरे और उससे बचने की तैयारी की जांच की जाएगी। अभी एव के पास आग बुझाने वाले विमानों का छोटा बेड़ा है। आग लगने पर एव सदस्य देशों के बीच विमान, पानी के टैंकर और राहतकर्मी भेजने की व्यवस्था भी करता है। अब इस पूरी व्यवस्था को और बड़ा किया



जाएगा। इस योजना को बेहतर बनाने के लिए अनुभवी फायरफाइटर्स और राहत टीमों से भी सुझाव लिए जा रहे हैं। ईयू कमीशन की अध्यक्ष वॉन डेर लेयेन ने ग्रीस में आग बुझाते समय जान गंवाने वाले डेनमार्क के हेलिकॉप्टर पायलट रूने किंडल को भी याद किया। अगस्त में जंगल की आग बुझाने के दौरान उनकी मौत हो गई थी। वॉन डेर लेयेन ने कहा कि रूने ने दूसरों की जान बचाने के लिए अपनी जान दे दी। उनके नाम का जिक्र होते ही यूरोपीय संसद में लोगों ने तालियां बजाईं।

### जलवायु परिवर्तन की वजह से यूरोप में गर्मी और बढ़ेगी

वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन की एक स्टडी के मुताबिक, जलवायु परिवर्तन की वजह से यूरोप में इस साल इतनी ज्यादा गर्मी देखने को मिली।

वॉन डेर लेयेन ने कहा कि यूरोप दुनिया के औसत तापमान के मुकाबले करीब दोगुनी तेजी से गर्म हो रहा है। उनके मुताबिक आने वाले सालों में यूरोप को तेज गर्मी और ज्यादा झेलनी पड़ सकती है। जमीन समुद्र के मुकाबले जल्दी गर्म होती है। यूरोप का बड़ा हिस्सा जमीन पर है, इसलिए यहां तापमान तेजी से बढ़ रहा है। यूरोप में हवा और जेट स्ट्रीम के रास्ते में बदलाव भी गर्मी बढ़ा रहा है। कई बार गर्म हवा एक जगह लंबे समय तक फंस जाती है। इससे हीटवेव ज्यादा तेज और लंबे समय तक चलती है।

■ वर्ष-12 अंक-314 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल

मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 17 सितम्बर, 2026

## सुभाषितानि

दुर्जन :परिहर्तव्यो विद्यालंकृतो सन।
मणिना भूषितो सर्प : किमसौ न भयंकर :।।

**भावार्थ** : दुष्ट व्यक्ति भले ही ज्ञान से सुशोभित हो अर्थात् विद्वान भी हो, उसे त्याग देना चाहिए। रत्नों से सुशोभित सर्प की तरह क्या भयानक नहीं है?

पुस्तकस्या तु या विद्या परहस्तगतं धनं।
कार्यकाले समुत्पन्ने न सा विद्या न तद्धनम्।।

**भावार्थ** : दूसरों को दी किताबें और पैसा! जब सही समय आता है तो ऐसी कोई शिक्षा नहीं होती है और न ही धन होता है, यानी वे काम नहीं करते हैं।

## विमानमार्गं प्राप्तुं पूर्वं विमानं स्थगितम् नियमितप्रभातसेवायाः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

पूर्वसूचना विना रद्दीकरणेन क्रुद्धाः यात्रिकाः विमानसेवाप्रबन्धनस्य विरुद्धं प्रबलं आक्रोशं प्रकटितवन्तः। विमानमार्गं प्राप्तुं पूर्वं विमानं स्थगितम् नियमितप्रभातसेवायाः भागरूपेण विमानं निर्धारितसमये जबलपुरनगरम् आगतं आसीत्। भूमौ कर्मचारिभिः औपचारिकतां सम्पन्नं कृत्वा यात्रिकाणां सामानं मालवाहकस्थाने अपि भारितम् आसीत्। परन्तु आरोहणस्य सज्जतायाः आरम्भात् पूर्वमेव तान्त्रिकविशेषज्ञाः विमानस्य प्रणालीषु गम्भीरं दोषं ज्ञातवन्तः। सुरक्षामानकानां हिताय तत्क्षणमेव विमानयानं स्थगयितुं निर्णयः कृतः।

## सम्पादकीयम्

### एनटीए इत्यत्र प्रमुखस्य परिष्कारस्य किं प्रभावः

एनटीए इत्यत्र प्रमुखस्य परिष्कारस्य किं प्रभावः भविष्यति? सुधारस्य आव्हानं अपारम् अस्ति। राष्ट्रीयपरीक्षणसंस्थायाः (एनटीए) ५० तः अधिकानां कर्मचारिणां निष्कासनं नूतनविशेषज्ञानाम् नियुक्तिः च महत्त्वपूर्णा चुनौती अस्ति। एतत् कदमः व्यवस्थायां सुधारं कर्तुं छात्राणां विश्वासं पुनः स्थापयितुं च प्रयत्नः प्रतिबिम्बयति। एनटीए सुधारस्य चुनौती राष्ट्रियपरीक्षणसंस्थायाः (एनटीए) कार्यान्विताः व्यापकपरिवर्तनानि तस्य संकटस्य प्रमाणम् अस्ति यत् अद्यतनकाले देशस्य परीक्षाव्यवस्थायां कोटिकोटिछात्राणां च प्रभावं कृतवान्। ५० तः अधिकान् कर्मचारिणः निष्कासयितुं प्रमुखपदेषु नूतनानां विशेषज्ञानाम् नियुक्तेः निर्णयः व्यवस्थायाः सुधारस्य विश्वासस्य पुनर्स्थापनस्य च प्रयासः अस्ति। अनियमिताः एते परिवर्तनाः तस्मिन् समये आगताः यदा परीक्षायाः समस्यानां कारणात् एनटीए पुनः एकवारं निरीक्षणस्य अधीनम् अस्ति। केवलं द्वौ दिवसौ पूर्वं एजेन्सी इत्यनेन प्रकाशितं यत् आङ्गलभाषा, वाणिज्यम्, समाजशास्त्रं च इति प्रश्नपत्रेषु पुनः पुनः प्रश्नाः अपि सन्ति इति अनेकाः त्रुटयः सन्ति। तथ्यात्मकाः, मुद्रणदोषाः, अनुवाददोषाः च कस्यापि मानकपरीक्षायां अस्वीकार्याः सन्ति, किं पुनः कोटिकोटिछात्राणां भविष्यं निर्धारयति एनटीए महत्त्वपूर्णराष्ट्रीयस्तरीयपरीक्षाणां संचालनस्य दायित्वं धारयति, तथापि २०१७ तमे वर्षे आरम्भात् आरभ्य विवादैः व्याप्तः अस्ति। विशेषज्ञानाम् उपयोगः पुनरावर्तनीयानि अनियमितानि संरचनात्मकपरिवर्तनस्य आवश्यकतां प्रकाशितवन्तः।

### ई-रिक्शा-प्रसारविषये उच्चन्यायालयेन कठोरः वृत्तिः

# ६० दिवसेषु राष्ट्रव्यापी नीतिं निमार्तुं केन्द्रं निर्देशयति, एतां नीतिं सवेर्षु राज्येषु प्रसारयितुं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर



नगरस्य मागेर्षु ई-रिक्शा-सङ्ख्यायां तीव्रगत्या वर्धमानस्य, तेषां अनियमित-सञ्चालनस्य च विषये मध्यप्रदेश-उच्चन्यायालयेन महत्त्वपूर्णः आदेशः जारीकृतः। न्यायालयेन केन्द्रसर्वकाराय निर्देशः दत्तः यत् राष्ट्रव्यापिरूपेण ई-रिक्शा-सञ्चालनं सुव्यवस्थितं कर्तुं ६० दिवसेषु एकरूपं नीतिं निमार्तुम्, एतां नीतिं सवेर्षु राज्येषु प्रसारयितुं च। नीतौ नगरमागेर्षु ई-रिक्शा-सङ्ख्यां नियन्त्रयितुं, मार्ग-अनुज्ञापत्र-व्यवस्थां कार्यान्वितुं, यातायात-जामस्य निवारणाय च उपायाः अवश्यं समाविष्टाः भवेयुः।

न्यायमूर्तिः विवेक अग्रवालः न्यायाधीशः अवनीन्द्रकुमारसिंहः च सन्ति इति विभागपीठेन अवलोकितं यत् ई-रिक्शानां वर्धमानः संख्या, तेषां संचालनं च समुचितविनियमनं विना अनेकेषु नगरेषु यातायातव्यवस्थां बाधितं भवति। फलतः एकस्य नगरस्य राज्यस्य वा स्तरस्य समाधानं अपर्याप्तं भविष्यति; व्यापकं एकरूपं च नीतिः आवश्यकी भवति।

60 दिवसेषु नीतिं निमातुं प्रसारयितुं च निर्देशः स्पष्टं समयसीमां निर्धारयन् उच्चन्यायालयेन केन्द्रसर्वकारेण ई-रिक्शा-सञ्चालनसम्बद्धं नीतिं ६० दिवसाभ्यन्तरे सज्जीकर्तुं निर्देशः दत्तः। एकदा निमार्णं कृत्वा नीतिः सर्वेभ्यः राज्यसर्वकारेभ्यः प्रेषणीया येन ते स्वस्वप्रदेशेषु आवश्यकव्यवस्थाः कार्यान्वितुं शक्नुवन्ति।

न्यायालयेन विशेषतया एतत् बोधितं यत् नगरानां मार्गक्षमतायाः, यातायातस्य आधारभूतसंरचनायाः च अनुरूपं ई-रिक्शा-सङ्ख्यायाः नियमनं करणीयम् तदतिरिक्तं विभिन्नक्षेत्रेषु तेषां आवागमनस्य प्रबन्धनार्थं मागार्नुमतप्रणाल्याः आवश्यकता प्रकाशिता। एषः उपायः विशिष्टमागेर्षु अथवा विपण्यक्षेत्रेषु ई-रिक्शानां अतिसङ्ख्यां नियन्त्रयितुं साहाय्यं करिष्यति तथा च यातायातस्य जामस्य न्यूनीकरणे सहायकः भविष्यति।

मध्यप्रदेशाय अपि समयसीमा निर्धारिता केन्द्रीयनीतिं प्राप्य मध्यप्रदेशः शब्दशः कार्यान्वितुं न अपितु स्थानीयस्थितौ अनुकूलतया आवश्यकं समायोजनं कर्तुं समर्थः भविष्यति। उच्चन्यायालयेन राज्यपरिवहनआयुक्ताय निर्देशः दत्तः यत् सः केन्द्रसर्वकारेण निर्मितायाः नीतेः अध्ययनं करोतु तथा च-मध्यप्रदेशस्य भौगोलिकजनसांख्यिकीयस्थितिं मनसि कृत्वा-यत्र आवश्यकं तत्र संशोधनं प्रवर्तयतु। एतदर्थं राज्याय अतिरिक्तं ३० दिवसाः प्रदत्ताः सन्ति। तदनन्तरं मध्यप्रदेशे ई-रिक्शासञ्चालनसम्बद्धनीतिः १२० दिवसेषु अवश्यमेव सूचितव्या। एवं न्यायालयेन केन्द्रीय-राज्यस्तरयोः नीतेः निर्माणस्य कार्यान्वयनस्य च स्पष्टसमयरेखाः स्थापिताः सन्ति।

विगतदशके ई-रिक्शा-परिचयस्य विस्तारः श्रवणकाले देशे ई-रिक्शा-प्रवर्तनात् प्रायः दशकं गतम् इति ज्ञातम्। अस्मिन् काले नगरेषु तेषां संख्या तीव्रगत्या वर्धिता, अनेकेषु स्थानेषु ते सार्वजनिकयानस्य महत्त्वपूर्णं साधनं जातम्। अल्पमध्यमदूरं गच्छन्तीनां यात्रिकाणां कृते ई-रिक्शाभिः किफायती परिवहनविकल्पः प्रदत्तः अस्ति। परन्तु तेषां वर्धमानेन उपयोगेन तेषां कार्याणि नियमनस्य आवश्यकता अपि प्रकाशिता अस्ति। एकेन जनहितमुकदमेन एषः विषयः उत्थापितः यत् ई-रिक्शा-वाहनानां कृते प्रभावी-स्पष्टविनियमानाम् अभावेन नगरस्य मागेर्षु यातायातस्य भीडः वर्धते इति।

### अस्य कृते देशे

# सर्वत्र परीक्षा मूलसंरचनानां सुदृढीकरणं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

अवलोकितवान् यत् केवलं प्रश्नपत्रं डिजिटलपर्दे उपलब्धं करणं सङ्गणकाधारितपरीक्षायाः कार्यान्वयनार्थं पर्याप्तं न भविष्यति। अस्य कृते देशे सर्वत्र परीक्षामूलसंरचनानां सुदृढीकरणं, परीक्षायाः विश्वसनीयतां पारदर्शितां च सुनिश्चित्य सुरक्षाप्रोटोकॉलस्थापनं च आवश्यकम्। नीट् देशस्य महत्त्वपूर्णेषु प्रवेशपरीक्षासु अन्यतमः अस्ति, यत्र चिकित्सापाठ्यक्रमेषु प्रवेशार्थं विशालसंख्याकाः छात्राः स्पर्धां कुर्वन्ति। फलतः परीक्षास्वरूपे यत्किमपि परिवर्तनं भवति तत् कोटिकोटिछात्राणां तेषां परिवाराणां च कृते महत्त्वपूर्णं मन्यते। सम्प्रति कलम-कागजद्वारा संचालित सम्प्रति इति पेन-पेपर-स्वरूपस्य उपयोगेन संचालितं भवति। तस्य विपरीतम् अन्ये अपि अनेकाः प्रमुखाः परीक्षाः- यथा च-सङ्गणक-आधारित-मोड्-माध्यमेन पूर्वमेव क्रियन्ते। एनटीए महानिदेशकः अवदत् यत् एजन्सी इत्यस्य प्रायः सर्वाणि परीक्षानि पूर्वमेव डिजिटलरूपेण गतानि सन्ति, भविष्ये सर्वाणि परीक्षानि अस्याः प्रणाल्याः अन्तर्गतं आनेतुं प्रयत्नाः भविष्यन्ति। तस्य मते सङ्गणकाधारितपरीक्षणं भविष्यस्य आवश्यकता अस्ति। अस्य परिवर्तनस्य पृष्ठतः उद्देश्यं परीक्षाणां संचालनं अधिकं प्रौद्योगिकी-सञ्चालनं, प्रक्रियां सुव्यवस्थितं, सुरक्षा-उपायानां सुदृढीकरणं।

## राशिफल

**मेष** : करियर और फाइनेंशियल लाइफ आज नॉर्मल रहेगी। आज आपको पॉजिटिव एटीट्यूड मेन्टेन करना चाहिए।

**वृषभ** : व्यवसायों में आर्थिक कमजोरी का अनुभव हो सकता है और कुछ नुकसान होने की भी आशंका है।

**मिथुन** : आज फिटनेस पर ध्यान दें और तनाव से दूर रहें। आज का दिन आपके लिए भाग्यशाली साबित हो सकता है।

**कर्क** : आज ऑयली फूड से दूरी बनाएं और मेंटल हेल्थ पर ध्यान दें। आज का दिन संतोषजनक रहेगा।

**सिंह** : आज आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। व्यवसायी अपने काम का विस्तार करेंगे और अच्छा मुनाफा हासिल करेंगे।

**कन्या** : दिन के दूसरे पहर के बाद नौकरीपेशा लोगों को तरक्की और लाभ देखने को मिल सकता है।

**तुला** : आज करियर में कुछ उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ेगा। हाइड्रेटेड रहें और सेल्फ-केयर पर फोकस करें।

**वृश्चिक** : कुछ अप्रत्याशित घटनाएं आपके काम करने की स्पीड को धीमा कर सकती हैं आप मनमुताबिक परिणाम प्राप्त नहीं कर सकेंगे।

**धनु** : आपको आज सीनियर्स के साथ सावधानी बरतने की जरूरत है, हो सकता है आप पॉलिटिक्स का शिकार हो जाएं।

**मकर** : आज पार्टनरशिप में व्यवसाय करने वालों में मतभेद हो सकता है, जिससे दरार पड़ सकती है।

**कुंभ** : आज अच्छे प्रॉफिट की उम्मीद कर सकते हैं। आज का दिन धन और वित्त के मामले में अच्छा रहेगा।

**मीन** : आर्थिक स्थिति उम्मीद के मुताबिक रहेगी लेकिन कुछ अप्रत्याशित खर्चे चीजें बिगाड़ सकते हैं और तनाव का कारण बन सकते हैं।

## ज्योतिष/वास्तु

# भाग्यशाली राशियांः गजकेसरी योग से इन राशि वालों को बिजनेस में होगा बंपर लाभ, पूरे होंगे अधूरे सपने

गजकेसरी योग का प्रभाव कुछ राशि वालों की किस्मत को चमका सकता है। सफलता-सम्मान से लेकर कला-कौशल में अच्छा बदलाव देखने को मिल सकता है।

ज्योतिष शास्त्र में गजकेसरी योग को बेहद शुभ और प्रभावशाली योग माना जाता है। मान्यता है कि यह योग शक्ति, मान-सम्मान और समृद्धि का प्रतीक होता है। इसका शुभ प्रभाव व्यक्ति की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के साथ उसके ज्ञान, कला और कौशल में भी निखार ला सकता है। यही वजह है कि, गुरु और चंद्रमा की युति से बनने वाला गजकेसरी योग जब बनता है, तो इसका प्रभाव कुछ राशियों के लिए विशेष रूप



से लाभकारी माना जाता है। इस दौरान जातकों की किस्मत चमकने के साथ अटके हुए कामों में भी गति आने के योग बनते हैं और मनचाही सफलता प्राप्त हो सकती है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, 4 अक्तूबर को चंद्रमा कर्क राशि में गुरु के साथ मिलकर गजकेसरी योग बनाएंगे। ऐसे में अक्तूबर की शुरूआत होते ही कुछ राशि वालों के लिए यह योग लाभकारी परिणाम लेकर आ सकता है। व्यापार में नए अवसर मिलने के साथ आर्थिक स्थिति मजबूत होने और अधूरे सपनों को पूरा करने के रास्ते खुल सकते हैं। आइए जानते हैं किन राशियों को गजकेसरी योग का विशेष लाभ मिल सकता है।

**कर्क राशि–** कर्क राशि वालों को इस दौरान मनचाही सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। समाज में आपका मान-सम्मान और प्रभाव बढ़ सकता है। आपके काम और उपलब्धियों की सराहना होगी, जिससे आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी। लाभ मिलने के अवसर बन सकते हैं। कारोबार से जुड़े लोगों के लिए भी यह समय नई संभावनाएं लेकर आ सकता है। समझदारी से लिए गए फैसले आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आ सकते हैं। नौकरी को लेकर अगर प्रयास कर रहे थे, तो कोई खुशखबरी आपको मिल सकती है।

**धनु राशि–** धनु राशि वालों का परिवार में प्रभाव बढ़ेगा और महत्वपूर्ण मामलों में आपकी राय को विशेष महत्व मिल सकता है। व्यापार में कोई महत्वपूर्ण सौदा या नई योजना आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में मदद कर सकती है। धन की बचत बढ़ सकती हैं और आप कोई वस्तु खरीदने की योजना बनाएंगे। कारोबार में किए गए प्रयासों से सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। परिवार में सुख-शांति और समृद्धि का माहौल बना रह सकता है। आर्थिक मामलों में भी आपको लाभ के नए अवसर मिल सकते हैं।

**मीन राशि–** मीन राशि वालों की आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में बेहतर होने की संभावना है। आय बढ़ाने के नए अवसर सामने आ सकते हैं और धन से जुड़े मामलों में राहत मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां या बेहतर अवसर सामने आएंगे, जिनका लाभ भविष्य में मिल सकता है। परिवार में पूजा-पाठ का कार्य करा सकते हैं। व्यापार करने वाले जातकों को नए लोगों से संपर्क और नई योजनाओं से फायदा मिल सकता है।

### जडेजा की 8 महीने बाद वापसी, हार्दिक-पंत को जगह नहीं, टी-20 में सूर्यवंशी बरकरार

# वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे टीम में रोहित-विराट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो गया है। वनडे में रोहित शर्मा और विराट कोहली बरकरार हैं। शुभमन गिल कप्तान और केएल राहुल उपकप्तान होंगे। रवींद्र जडेजा 8 महीने बाद लौटे हैं। उन्होंने अपना पिछला वनडे जनवरी 2026 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। बुधवार को हार्दिक पंड्या और ऋषभ पंत को टीम में जगह नहीं मिली। पंजाब के नमन धीर और जम्मू-कश्मीर के आकीब नबी को पहली बार वनडे टीम में चुना गया है। टी-20 में श्रेयस अय्यर कप्तान और तिलक वर्मा उपकप्तान होंगे। 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में शामिल किया गया है। नीतीश कुमार रेड्डी को एशियन गेम्स की टीम से हटाकर वनडे में जगह दी गई है।

**2 महीने बाद फिर मैदान में दिखेंगे रोहित-कोहली–** रोहित शर्मा और विराट कोहली ने जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज खेली थी। तीसरे वनडे में रोहित ने लॉर्ड्स पर 137 रन की पारी खेली थी। विराट ने दूसरे वनडे में 65 और तीसरे में 74 रन बनाए थे। तीन मैचों में उनके नाम 144 रन रहे। रोहित की जगह को लेकर इंग्लैंड दौरे के दौरान चर्चा जरूर हुई थी, लेकिन चयनकर्ताओं ने वेस्टइंडीज सीरीज के लिए उन्हें टीम में बनाए रखा है।

**जुरेल बैकअप विकेटकीपर–** श्रेयस अय्यर एशियन गेम्स के लिए जापान जाएंगे। इसलिए राहुल को उप कप्तान बनाया गया है। राहुल विकेटकीपर-बल्लेबाज भी हैं। ध्रुव जुरेल को उनके बैकअप विकेटकीपर के रूप में चुना गया है।

**नमन धीर ने पंजाब लीग में 173 रन की पारी खेली–** नमन को इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए चुना गया था। 2026 में शेर-ए-पंजाब टी-20 लीग के 10 मैचों में उन्होंने 655 रन बनाए। स्ट्राइक रेट 217.61 और बेस्ट स्कोर 173 रन रहा। वे बल्लेबाजी के साथ ऑफ स्पिन भी कर सकते हैं।



**नबी को इंटरनेशनल डेब्यू का इंतजार–** जम्मू-कश्मीर के आकीब नबी का यह पहला सीनियर इंडिया कॉल-अप नहीं है। वे पहले वनडे और टेस्ट स्क्वॉड का हिस्सा रह चुके हैं, लेकिन अब तक इंटरनेशनल डेब्यू नहीं किया। 2025-26 रणजी सीजन में जम्मू-कश्मीर की खिताबी जीत में उन्होंने 60 विकेट लिए थे। वे भारत ए के लिए भी खेल चुके हैं और अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट में भारतीय टीम के साथ नेट बॉलर रहे थे।

**हार्दिक को फिटनेस क्लीयरेंस का इंतजार–** हार्दिक पंड्या क्ढछ 2026 के बाद से क्रिकेट से बाहर हैं। वे अभी इउउकसेंटर ऑफ एक्सीलेंस से फिटनेस क्लीयरेंस का इंतजार कर रहे हैं। उनकी वापसी भारत ए की ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज से होनी है। मुकाबले 6, 9 और 11 अक्टूबर को पुडुचेरी में होंगे। भारत के लिए हार्दिक का आखिरी मुकाबला मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल था।

**मयंक यादव को भी मौका–** मयंक यादव को चोट से वापसी के बाद एक बार फिर टी-20 टीम में जगह मिली है। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ जुलाई सीरीज में वापसी की थी। पहले मैच में दो विकेट लेने के बाद तीसरे मुकाबले में उन्होंने 4 ओवर में 29 रन देकर 3 विकेट लिए थे।

# वरुण चक्रवर्ती एशियन गेम्स से बाहर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती चोट के कारण एशियन गेम्स 2026 से बाहर हो गए हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के पहले टी-20 में गेंदबाजी करने के बाद उनके पैर के बाएं हिस्से में परेशानी हुई थी। स्कैन में साइड स्ट्रेन की पुष्टि के बाद वे सीरीज के बाकी दो मैचों के साथ एशियन गेम्स में भी नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह युवा लेग-स्पिन ऑलराउंडर विप्रज निगम को पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया है। वरुण ने रविवार को दिल्ली में अफगानिस्तान के खिलाफ दो महीने बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की थी। उन्होंने अपना पूरा 4 ओवर का स्पेल किया और 16 रन देकर एक विकेट लिया। हालांकि मैच के बाद उन्हें साइड में असहजता महसूस हुई। इसके बाद उन्हें आगे की जांच के लिए बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भेजा गया। वरुण की यह चोट इसलिए भी अहम है क्योंकि वे खुद हाल ही में एक लंबी इंजरी से वापसी कर रहे थे। इंग्लैंड दौरे पर जुलाई में तीसरे टी-20 के दौरान उन्हें बाएं हैमस्ट्रिंग में परेशानी हुई थी। जांच में ग्रेड-2 हैमस्ट्रिंग इंजरी सामने आई थी। इसके बाद वे इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर रहे और बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, बेंगलुरु में रिहैबिलिटेशन किया। रिहैब के बाद उन्होंने तमिलनाडु प्रीमियर लीग में वापसी की। डिंडीगुल ड्रैगन्स के लिए अगस्त में खेले एक मैच में उन्होंने 4 ओवर में 34 रन दिए थे। वरुण की जगह चुनने के लिए विप्रज निगम और कुलदीप यादव विकल्पों में थे। इउउक सूत्र के मुताबिक दोनों उपलब्ध विकल्प थे, लेकिन कुलदीप को इसी महीने के अंत में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज खेलनी है।

# भारत में पहला मैच खेल सकते हैं वैभव अफगानिस्तान से तीसरा टी-20 आज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

15 साल के वैभव सूर्यवंशी आज भारत में अपना पहला इंटरनेशनल मुकाबला खेल सकते हैं। भारत और अफगानिस्तान के बीच सीरीज का तीसरा और आखिरी टी-20 दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से होगा। भारत शुरूआती दोनों मैच जीतकर सीरीज 2-0 से अपने नाम कर चुका है। ऐसे में कप्तान श्रेयस अय्यर के संकेत के मुताबिक टीम में कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

**सीरीज पहले ही भारत के नामः** 2-0 की बढ़त के बाद टीम मैनेजमेंट बेंच स्ट्रेंथ को आजमा सकता है।

**एशियन गेम्स से पहले तैयारीः** वैभव, वॉशिंग्टन सुंदर और यश ठाकुर जैसे खिलाड़ियों को मैच प्रैक्टिस देने का मौका है।

**ओपनिंग का बैकअप तैयार करनाः** एशियन गेम्स में अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन ओपनिंग विकल्प हैं। वैभव को मौका देकर तीसरे ओपनर को भी तैयार किया जा सकता है।

**राशिद खान के 196 टी-20 विकेट–** राशिद 200 टी-20 इंटरनेशनल विकेट हासिल करने से 4 विकेट दूर हैं। अगर वे ऐसा करते हैं तो राशिद यह उपलब्धि हासिल करने वाले मेंस या विमेंस में दुनिया के पहले क्रिकेटर बनेंगे। उन्होंने 117 मैचों में 196 विकेट लिए हैं।

**अभिषेक इस सीरीज में भारत के टॉप स्कोरर–** अभिषेक शर्मा इस सीरीज के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने 2 मैचों में 121 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 237.25 रहा। उन्होंने पहले मैच में 82 और दूसरे में 39 रन बनाए थे। गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह ने 2 मैचों में 5 विकेट लिए हैं। उनकी इकोनॉमी 6.75 रही है। उनके अलावा जसप्रीत बुमराह से भी टीम को विकेट की उम्मीद होगी।




**अफगानिस्तान की नजर नवीन की फिटनेस पर–** अफगानिस्तान की टीम के लिए तीसरे टी-20 में नवीन-उल-हक की फिटनेस अहम रहेगी। दूसरे मैच में फजलहक फारूकी ने नई गेंद से गेंदबाजी नहीं की थी। ऐसे में नवीन की वापसी हो सकती है। अफगानिस्तान के पास राशिद खान, मुजीब उर रहमान और मोहम्मद नबी के रुप में तीन स्पिन गेंदबाजी विकल्प हैं। टीम एक स्पिनर कम करके एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को खिलाने पर भी विचार कर सकती है।

**उमरजई इस सीरीज में अफगानिस्तान के टॉप बैटर–** अजमतुल्लाह उमरजई ने 2 मैचों में 75 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 138.88 है और बेस्ट स्कोर नाबाद 64 रन है।

## खबर एक नजर...

### कैमरों की मदद से गिरफ्त में आया मोबाइल चुराने वाला

**उज्जैन।** रायबरेली का रहने वाला शिवम 14 सितंबर को उज्जैन से रायबरेली लौटने के लिये रेलवे स्टेशन पहुंचा था। बुकिंग विंडो के पास भीड़ में अज्ञात बदमाश ने उसकी जेब से अज्ञात बदमाश ने मोबाइल चोरी कर लिया था। जीआरपी ने शिकायत दर्ज कर प्लेटफार्म और बुकिंग विंडो के आसपास लगे कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें संदिग्ध युवक दिखाई दिया, उसकी तलाश शुरू की गई, 15 सितंबर की शाम पता चला कि उक्त संदिग्ध उज्जैन-नागदा आउटर के आसपास घूम रहा है। जीआरपी की टीम ने तत्काल घेराबंदी की और उसे हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर उसने मोबाइल चोरी करना स्वीकार कर लिया। थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपी सोनू उर्फ मुखरी उर्फ पंडित शर्मा निवासी अकोदिया शाजापुर का रहने वाला है। उसके पास से रेडमी कंपनी का मोबाइल बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी चोरी, आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज होना सामने आये है।

### झांसी में हुई घटना उज्जैन में घायल का उपचार

**उज्जैन।** उत्तरप्रदेश के फतेहपुर में रहने वाले सुमित पिता रामबाबू 20 साल के साथ झांसी रेलवे स्टेशन पर हादसा हुआ, उसका पैर जख्मी हो गया था। वह ट्रेन से उज्जैन तक पहुंचा, जहां उसे दोस्त उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। घायल सुमित ने बताया कि वह महाकाल दर्शन करने काशी महाकाल एक्सप्रेस से आ रहा था। ट्रेन के गेट पर बैठा था, झांसी स्टेशन के आगे पैर प्लेटफार्म की दीवार से टकरा गया था, उसे चोंट लगी तो ट्रेन में उसका प्राथमिक उपचार किया गया, उज्जैन पहुंचने पर तकलीफ अधिक होने लगी थी, दोस्त लोगों की मदद से चरक अस्पताल तक लेकर आया है।

### देवास से वापस लौट आई लापता हुई बालिका

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र से हरतालिका तीज की रात लापता हुई 2 बालिका वापस लौट आई। दोनों देवास माता टेकरी तक पहुंची थी लेकिन रात में मंदिर बंद होने पर सुबह वापस लौट आई। पुलिस ने दोनों बालिकों के बयान दर्ज कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस के अनुसार नीलगंगा क्षेत्र में रहने वाली 13 वर्षीय बालिका अपनी मौसी के घर भैरवगढ़ स्थित अमन परिसर हरतालिका तीज पर परिवार के साथ पूजा के लिये आई थी। रात में मौसी की 14 वर्षीय पुत्री के साथ पूजा के लिये निकली थी, लेकिन घर नहीं लौटी, रात में परिजनों ने उनके लापता होने की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल अपहरण का मामला दर्ज किया और तलाश शुरू की। बालिका घर से स्कूटी लेकर निकली थी। सभी जगह तलाश की जा रही थी, इसी बीच सुबह दोनों वापस लौट आई और देवास माता टेकरी जाने की बात कहीं। परिजनों की सूचना पर पुलिस दोनों बालिकाओं को थाने लेकर आई। पूछताछ में दोनों ने मंदिर बंद होने पर वापस लौटना बताया। पुलिस तस्दीक में दोनों के अकेले जाने और वापस आने के साथ सुरक्षित होने का पता चला। दोनों को समझाईश देकर परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

### बाइक सवार पर पीछे से आई मैजिक चढ़ी, टूटा पैर

**उज्जैन।** अंकपात मार्ग सोलंकी रेस्टोरेंट के आगे टर्न पर बुधवार शाम ओमप्रकाश पिता लक्ष्मण डोंगरे 38 साल निवासी मोहननगर बाइक से गुजर रहा था। उसी दौरान पीछे से आई मैजिक ने उसे टक्कर मार दी। ओमप्रकाश बाइक से गिर गया मैजिक उसके पैर पर चढ़ गई। उसे लोगों की मदद से चरक अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने पैर टूटने पर उपचार के लिये भर्ती किया है। बताया जा रहा है कि मैजिक चालक मौके से भाग निकला था। अस्पताल से मामले की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी गई। घायल के बयान दर्ज कर पुलिस मैजिक चालक का पता लगा रही है।

### पुलिया के पास से दुकान हटाने की बात पर हुई मारपीट

**उज्जैन।** नीमच का रहने वाला मोहन पिता देवीलाल बंजारा चिमनगंज थाना क्षेत्र के आगररोड स्थित गरोठ पुलिया के नीचे झूले बेचने की दुकान लगाता है। बुधवार सुबह कुछ युवक पिकअप से आये और उसके दुकान हटाने के लिये कहने लगे। मोहन ने दुकान हटाने से मना किया तो उसके साथ थप्पड़-मुक्के और डंडे से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। लोगों की मदद से घायल मोहन को उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया। सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस ने घायल से पूछताछ की। मारपीट करने वाले भी झूले बेचने का काम करने वाले बताये गये। गरोठ पुलिया के नीचे मोहन का कारोबार अच्छा चलने पर उक्त युवक अपनी दुकान लगाना चाहते थे जिसके चलते मारपीट होना सामने आया है।

### रेलवे स्टेशन पर कंगल चोरी करने वालों को भेजा जेल

**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों में चढ़ते समय महिलाओं के कंगन चोरी करने वाले महाराष्ट्र के चार बदमाशों को बुधवार दोपहर जीआरपी ने न्यायालय में पेश किया था। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने काचीगुडा एक्सप्रेस, इंदौर-खडकी एक्सप्रेस, नर्मदा एक्सप्रेस और नागदा-इंदौर पेसेंजर ट्रेन में चार महिलाओं के साथ चढ़ते समय हुई कंगन चोरी की वारदात में महाराष्ट्र के ठाणे स्थित अंबरनाथ थाना क्षेत्र के रहने वाले चार बदमाशों अभिजीत पंवार, कुणाल गायकवाड़, नरेश गायकवाड़ और हुसैन शेख को गिरफ्तार किया था। चारों की निशानदेही पर 69 ग्राम वजनी सोने के कंगन बरामद करने के साथ कंगन चोरी के लिये उपयोग करने वाले कटर जप्त किये थे। बदमाशों ने बताया था कि धार्मिक नगरी में प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं आने पर वह महाराष्ट्र से उज्जैन आते थे और भीड़ का फायदा उठाकर वृद्ध महिला यात्रियों की ट्रेन में चढ़ने की मदद का झांसा देकर कंगन काटकर चोरी कर लेते थे।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 159-5 | 235-0 |
| मेन बाजार | 178-6 | 228-2 |
| मिलन डे | 159-5 | 100-1 |
| मिलन नाइट | 599-3 | 367-6 |

5 8 0

#### दीपोत्सव को लेकर पुलिस ने जारी किया पार्किंग प्लान

# प्रतिभागियों को पास के रंग से मिलेगी घाटों पर इंट्री

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सेवा संकल्प अभियान में आज क्षिप्रा नदी के घाटों पर दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। 25 हजार प्रतिभागियों को घाटों तक पहुंचने के लिये पांच रंग के पास जारी किये गये है। जिसके आधार पर उन्हे इंट्री मिलेगी। पुलिस ने क्षिप्रा नदी के आसपास पार्किंग प्लान भी लागू किया है।

क्षिप्रा नदी के रामघाट-दत्तअखाड़ा घाट से लेकर आसपास के घाटों पर आज शाम दीपोत्सव में 25 लाख दीप प्रज्वलित किये जायेगें। प्रशासन और पुलिस ने तैयारियां पूरी कर ली है। दीप प्रज्वलन के लिये 25 हजार प्रतिभागियों को नियुक्त किया गया है। जिन्हे अलग-अलग रंग के पास जारी किये गये है। क्षिप्रा के पांच घाटों में भूखीमाता मंदिर से नृसिंह घाट ब्रिज तक पहुंचने वाले प्रतिभागी गहरे गुलाबी रंग के पास से उजरखेड़ा चौराहा होते हुये भूखीमाता मंदिर के सामने पहुंचेगें, जहां से पैदल भूखी माता घाट जायेगें, उनके वाहन मंदिर की बाय ओर पार्क होगें। गुरुद्वारा से दत्त अखाडा, सिंहस्थ द्वार तक पहुंचने के लिये हल्का गुलाबी रंग पास जारी किया गया है। यहां आने वाले प्रतिभागी अपने वाहन मुरलीपुरा चौराहा पंचायती अखाड़ा के पास खड़े कर पैदल शंकराचार्य चौराहा से घाट तक पहुंचेगें। केदारेश्वर घाट पहुंचने के लिये नीले रंग का पास रहेगा। यहां आने वाले प्रतिभागियों को पैदल शंकराचार्य चौराहा से कार्तिक मेला ग्राउण्ड होते हुये केदारेश्वर घाट पर प्रवेश दिया जायेगा। नृसिंहघाट से रामघाट, छोटी रपट तक जाने वालों के लिये लाल रंग पास से पहुंचेगें। सुनहरी घाट पहुंचने के लिये गहरा भूरे रंग का पास रहेगा। यहां पहुंचने के लिये प्रतिभागियों को चक्रतीर्थ टर्निंग से बिलोटीपुरा दानीगेट होकर जाना होगा।

### दोपहर 12 से बजे से आम यातायात बंद

शाम होने वाले दीपोत्सव कार्यक्रम की व्यवस्था को बनाये रखने के लिये पुलिस प्रशासन द्वारा दोपहर 12 से जूना सोमवारिया से शंकराचार्य चौराहा होकर मुरलीपुरा जाने वाला मार्ग, मोहनपुरा ब्रिज से मुरलीपुरा, शंकराचार्य चौराहा मार्ग और लालपुल टर्निंग से कर्कराज पार्किंग, नृसिंहघाट की ओर जाने वाला मार्ग पूरी तरह से आम यातायात के लिये बंद कर दिया जायेगा। तीनों मार्गो पर कार्यक्रम समाप्ति के बाद आवागमन शुरू कराया जायेगा। कार्यक्रम में वीआईपी भी शामिल होगें।

### व्यवस्था को लेकर मेलाग्राउंड में ब्रीफिंग

आज होने वाले सेवा संकल्प अभियान में दीपोत्सव और आगामी आयोजनों को लेकर शहर में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये बुधवार को कार्तिक मेलाग्राउंड पर एसपी प्रदीप शर्मा द्वारा ड्युटी में तैनात रहने वाले पुलिस अधिकारियों और जवानों के साथ ब्रीफिंग की। इस दौरान सभी को दीपोत्सव के दौरान विशेष सतर्कता और मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए। वीआईपी मूवमेंट के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, निर्धारित ड्यूटी प्वाइंट पर समुचित तैनाती सुनिश्चित रखने को कहा गया। ज्वलनशील पदार्थों के प्रति विशेष सावधानी बरतने तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। होमगार्ड के साथ तैराक दल को क्षिप्रा के घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये मुस्तैद रहने को कहा गया। वहीं भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, आकस्मिक परिस्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल को तैयार रहने के लिये निर्देशित किया गया।

#### उज्जैन बाजार में यूपीआई पर 0.4 फीसदी का कट

# ग्राहक से व्यापारी बोला कैश लाओ, नहीं तो रेट बढ़ाना पड़ेगा

### त्यौहारी सीजन में इससे बडी खरीद पर व्यापारी ग्राहक को ही घेरेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

15 अक्टूबर से यूपीआई पर एमडीआर लागू होने की खबर ने उज्जैन के महाकाल लोक से लेकर गोपाल मंदिर, दौलतगंज, टॉवर चौक तक हलचल मचा दी है। 95% ट्रांजेक्शन 2000 के नीचे होने का सरकारी दावा है, पर इसका असर सीधे जमीनी स्तर पर है। इससे एक बार फिर से नकदी लेन देन की वापसी होने की पूरी संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। यही स्थिति रही तो व्यापारी दामों में अप्रत्यक्ष महंगाई का भार ग्राहकों पर थोंप सकते हैं और छोटे क्यूआर वर्सेस साउंड बॉक्स का खेल शुरू होना भी संभावित है।

बाजार में यूपीआई भुगतान को लेकर सामने आ रही स्थिति से व्यापारी हर तरह के हल को तैयार हो गया है। उसके पास विकल्प भी हैं। ग्राहक के लिए सीधे तौर पर कुआ और खाई की स्थिति बनने के हाल देखे जा रहे हैं।

बैंक एवं टैक्स सलाहकारों के अनुसार 2000 से ऊपर के बिल को तोड़ने की प्रवृत्ति बढ़ेगी। 4000 का बिल, 2 बार में 2000-2000 यूपीआई किया जाएगा या फिर ग्राहक को बोला जाएगा 2000 रु. से ऊपर कैश कर दीजिए। यूपीआई पर 1% एक्स्ट्रा। जो सरकार 5 साल से कैशलेस का ज्ञान दे रही थी, वही कैश को बढ़ावा दे देगी। सूनने में अभी आपकों 0.4% छोटा लगता है, दिवाली सीजन में अभी इसे लेकर खींचतान मचेगी। ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा, जहाँ बिल हजारों एवं लाखों में जाता है वहाँ 300 रुपया व्यापारी यूपीआई में जोड़कर सीधे ग्राहक की जेब से ही निकालेगा।




**व्यापारी बोले औसत बिल ही 2 हजार से अधिक का-** बजरंग सोनी बताते हैं कि मेरा औसत बिल 2 हजार से अधिक का है। ऐसे में दिन में 20 बिल मतलब 400 से 1000 रूपए रोज ही मुझे चुकाना है। मासिक तौर पर इसे देखें तो 30 हजार महीना। मार्जिन मात्र 3 फीसदी का ही छोटे इलेक्ट्रीक आयटम पर है। ऐसे में 0.4% सीधा गया तो मजबूरी में ग्राहक से ही लेना पडेगा। फ्लैट ही नकद और यूपीआई दोनों के लिए ही रेट तय कर देंगे जिससे कोई लफडा ही नहीं रहे और मार्जिन बराबर रहे। सरकार कह रही है ग्राहक से मत लो, तो कहां से फिर लाएं कहां से। किराना व्यापारी पवन राठौर कहते हैं एक तरफ मुफ्त राशन, दूसरी तरफ लाड़ली बहना में हजारों करोड़, और अब तीसरी तरफ व्यापारी से वसूली। छोटा व्यापारी जिसकी लिमिट 1 लाख महीना बताई है, उज्जैन में तो सीजन में 2 दिन में 1 लाख हो जाता है।

**कुछ ऐसी प्रतिक्रिया रही ग्राहकों की-** इंजीनियरिंग छात्र रोहित प्रजापति बोला कि 90प्रतिशत पेमेंट यूपीआई से करता हूँ। 2500 का जूता लिया तो दुकानदार को 10 रुपया अलग से देना है। ऐसे में दुकानदार केश में जूता 2500 में देगा और यूपीआई की स्थिति में 2550 लेगा। इससे तो मुझे ही नुकसान उठाना पड़ेगा। यूपीआई का ज्यादातर उपयोग युवा ही कर रहे हैं। उनकी जेब में पैसा कम ही रहता है ऐसे में ही तो सरकार का 95 फीसदी का दावा सामने आ रहा है। सखी ग्रुप की गृहणी वंदना बृजेश सहित अन्य महिलाओं ने कहा कि प्रति माह परिवार के लिए किराना सामान एक मुश्त 8 हजार से अधिक का होता है। बार-बार बाजार जाने का झंझट नहीं होता है साथ ही आवागमन में व्यय को बचाने के लिए एक बार में ही खरीदी की जाती है। बगैर कुछ किए ही तो हर माह दाल से लेकर शकर तक सभी के भाव में वृद्धि हो रही है। इससे तो व्यापारी फिर मजे में रहेगा। वो हर सामग्री पर किलो पर 2-4 रूपए बढा देगा और सरकार को निश्चित राशि में कुछ अंश दे देगा। इससे तो गरीब-मध्यम वर्ग का पिसना तय है। अब इसे लेकर अतिरिक्त रूपए किराना सामान में चुकता करना मजबूरी रहेगी। इससे घर का आर्थिक बजट ही प्रभावित होना है।

# सूरज के तेवर तीखे तापमान पहुंचा 33 डिग्री

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मानूसन के 13 दिन शेष बचे और बारिश के आसार खत्म होते दिखाई दे रहे है। आसमान साफ होने पर सूरज के तेवर तीखे हो गये है। बुधवार को तापमान 33 डिग्री दर्ज किया गया। सितंबर माह में मार्च-अप्रैल का अहसास होने लगा है। इस बार शहर में मानूसन की बेरूखी दिखाई दी है। वषार्काल खत्म होने पर 13 दिन का समय बचा है और मानसून का नया सिस्टम सक्रिय नहीं होने पर बारिश के आसार खत्म होते दिखाई दे रहे है। 14 सितंबर तक आसमान में बादल दिखाई दे रहे थे और ऐसा लग रहा था तेज बारिश होगी, लेकिन रिमझिम के दौर के बाद 2 दिनों से आसमान पूरी तरह से साफ हो चुका है, तापमान में तेजी आने लगी है। 33 डिग्री पहुंच चुके तापमान ने फिर से पंखों की रफ्तार तेज कर दी है। सूरज के तेवर तीखे होने लगे है। जिससे उमस महसूस हो रही है। शासकीय जीवाजी वेधशाला के अनुसार अब तक 26 इंच बारिश दर्ज की गई है। अब भी 10 इंच बारिश की आवश्कता बनी हुई है। औसतन आंकड़ा 36 इंच का है। शेष बचे दिनों में मानसून का नया सिस्टम एक्टिवेट होता दिखाई नहीं दे रहा। तापमान बढ़ने से हल्की बारिश हो सकती है।

**शहर में उड़ने लगा धूल का गुब्बार-** 2 दिन पहले तक रिमझिम बारिश से मार्गो पर कीचड़ फैला दिखाई दे रहा था। सूरज के तेवर तीखे होने पर अब धूल का गब्बार उठता दिखाई दे रहा है। शहर में जगह-जगह सीवरेज की खुदाई चल रही है। सिंहस्थ के निर्माण कार्य हो रहे है। धूल उड़ने से दो पहिया वाहन चलाने वालों का परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है।

# इंदौर-जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन में यात्री पर चाकू से हमला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। इंदौर-जयपुर रणथंबोर एक्सप्रेस ट्रेन में मोबाइल चोरी करने वाले बदमाश ने यात्री पर चाकू से हमला कर दिया। हाथ में चाकू लगने से घायल को देवास में उतारा गया और अस्पताल पहुंचाया। ट्रेन में चाकूबाजी के बाद उज्जैन जीआरपी और आरपीएफ अलर्ट हो गई थी। लेकिन चाकू मारने वाला ट्रेन से कूदकर भाग निकला था।

इंदौर का रहने वाला राहुल पिता बजरंगलाल रणथंबोर एक्सप्रेस से जयपुर की यात्रा कर रहा था। वह एस-5 कोच में बर्थ 35-36 पर बैठा था। ट्रेन इंदौर से देवास की ओर आ रही थी, तभी चार्जिंग पर लगा राहुल का मोबाइल बदमाश ने निकाला और भागने लगा। राहुल ने उसे पकड़ने के लिये कोच में दौड़ लगाई। बदमाश ने चाकू से हमला किया और मोबाइल छोड़कर भाग निकला। बदामाश का चाकू भी ट्रेन में गिर गया था। वह कूदकर भाग निकला। ट्रेन में चाकूबाजी की खबर लगते ही देवास, उज्जैन जीआरपी के साथ आरपीएफ की टीम अलर्ट हो गई। लेकिन घायल को देवास स्टेशन पर उतार लिया गया। जीआरपी उज्जैन थाना प्रभारी सुनील गुप्ता ने बताया कि ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्री के हाथ पर चाकू लगा था, उसे देवास में उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उसके द्वारा शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। मामला इंदौर से देवास के बीच हुआ है। शिकायत मिलने पर संबंधित थाना पुलिस मामला जांच में लेगी।

#### समर्थ सेवा संस्था ने शुरू की आठ दिवसीय निःशुल्क तीर्थ यात्रा, स्टेशन पर हुआ सम्मान

# हरिद्वार-बद्रीविशाल धाम के लिए रवाना हुए 205 दिव्यांग श्रद्धालु

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सशक्त समर्थ विकलांग सेवा शिक्षा एवं प्रशिक्षण समिति के अंतर्गत समर्थ सेवा संस्था द्वारा आठ दिवसीय निःशुल्क दिव्यांग यात्रा का आयोजन किया गया है। उज्जैन से हरिद्वार और बद्रीविशाल धाम दर्शन के लिए यह यात्रा 16 सितंबर से 24 सितंबर तक आयोजित की जा रही है।

यात्रा के तहत 205 दिव्यांग एवं सहायक श्रद्धालु 16 सितंबर की शाम चार बजे उज्जैनी एक्सप्रेस से हरिद्वार के लिए रवाना हुए। स्टेशन पर समाजसेवी नारायण और महेश परियानी ने सभी का सम्मान कर उन्हें विदाई दी। इस अवसर पर विशेष तौर पर लोकेश आडवाणी, गोपाल बलवानी और कपिल बासनी उपस्थित थे।



यात्रा के दौरान 17 सितंबर को हरिद्वार आगमन के बाद 18 सितंबर को बस द्वारा बद्रीविशाल धाम के लिए प्रस्थान किया जाएगा। 19 सितंबर को बद्रीविशाल के दर्शन और भारत के अंतिम गांव माणा का भ्रमण होगा। इसके पश्चात 20 सितंबर को हरिद्वार वापसी होगी। 21 और 22 सितंबर को हरिद्वार एवं ऋषिकेश का भ्रमण किया जाएगा। 23 सितंबर को सुबह हरिद्वार रेलवे स्टेशन से उज्जैनी एक्सप्रेस द्वारा वापसी होगी और 24 सितंबर को यात्री उज्जैन पहुंचेंगे। यात्रियों के लिए हरिद्वार के नागली वैला स्थित आस्था धाम आश्रम और बद्रीविशाल धाम में माणा गांव रोड स्थित भारत सेवा आश्रम में आवास व्यवस्था की गई है।

संस्था अध्यक्ष श्याम माहेश्वरी और विक्रम चंद्रवंशी, महिला प्रमुख सरोज अग्रवाल और रीना सेंगर, सचिव विट्ठल नागर और सुनिल माहेश्वरी तथा यात्रा संयोजक आनंद पुरोहित और ओम पाटीदार के नेतृत्व में यह आयोजन हो रहा है। समर्थ सेवा परिवार के चंद्रशेखर मुंदड़ा, रमेश चतुर्वेदी, राजेन्द्र शाह, दीपक राजवानी, रामेश्वर नागर, कैलाश मुंदड़ा, श्याम नागर, विजय गोयल, रविन्द्र मुले, नवल माहेश्वरी, प्रमोद जैथलिया, संतोष शर्मा, विशाल नीमा, अमित नागर, नितिन शाह, सुनिल नीमा, तरुण मित्तल, सुदेश नीमा, बालकृष्ण नीमा, भगवान शर्मा, जयेश श्रॉफ, नरेन्द्र माहेश्वरी, विनय नीमा, योगेश चौरसिया और अरुण नीमा ने यात्रा को सफल बनाने में सहयोग किया।

#### चार दिन बाद गिरफ्त में आया दर्ज है 10 अपराध

# निगरानी बदमाश ने धमकाकर छीने थे मोबाइल-रुपए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

युवक को लिफ्ट देकर मोबाइल और रुपए छीनने वाला निगरानी बदमाश होना सामने आया है। चार दिन की तलाश के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

आगर मालवा के बडौद स्थित ग्राम ढाबला आंजना में रहने वाले मनीष पिता मांगीलाल राठौर 11 सितंबर को कटन आया था। जहां से झारडा जा रहा था, उसे बाइक सवार ने लिफ्ट दी थी। रास्ते में बाइक रोक बाइक सवार ने उसे धमकाया और मोबाइल के साथ जेब में रखे रुपए छीनकर भाग निकला। मनीष ने मामले की शिकायत महिदपुर थाने पहुंचकर दर्ज कराई। थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने मामले में वारदात करने वाले के खिलाफ धारा 308(2) का प्रकरण दर्ज किया और एसआई एमएस चौहान, प्रधान आरक्षक विजय सिंह, आरक्षक चन्द्रभान सिंह, लेखराज, समरथ पाटीदार नारायण सोलंकी और महिला आरक्षक दीपिका की टीम को अलर्ट किया। डरा-धमकाकर मोबाइल रुपए छीनने वाले बदमाश माखन पिता उदयसिंह निवासी मोचीखेड़ा होना सामने आया। चार दिनों तक उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये गये। मंगलवार रात वह गिरफ्त में आ गया। थाना प्रभारी ने बताया कि बदमाश थाना क्षेत्र का निगरानीशुदा है। उसके खिलाफ पूर्व में 10 अपराध लूट, अवैध वसूली, चोरी और मारपीट के दर्ज है। बुधवार दोपहर उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से महिदपुर उपजेल भेजा गया है।



# दरवाजा तोड़कर निकाला आटो चालक का शव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

किराये से रहने वाले पुत्र को पिता ने कॉल किया तो उसने रिसिव नहीं किया। आधी रात को पिता और भाई पहुंचे तो दरवाजा तोड़ना पड़ा। पुत्र मृत अवस्था में पड़ा था। अस्पताल लाने पर डॉक्टरों ने हार्ट अटैक की संभावना जताई।

नीलगंगा थाना क्षेत्र के हनुमान नाका पर रहने वाला हरिश सूर्यवंशी 30 साल रिक्शा चलता था और किराये से रहता था। परिवार अलग रहता है। रात में पिता दयाराम ने हरिश को कॉल किया लेकिन उसने मोबाइल रिसिव नहीं किया। आधी रात तक कॉल रिसिव नहीं होने पर पिता और भाई उसके यहां पहुंचे। दरवाजा अंदर से बंद था, नहीं खुलने पर आसपास के लोगों की मदद से तोड़ा गया। हरिश मृत अवस्था में पड़ा था। उसे चरक अस्पताल लाया गया, डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद हार्ट अटैक की संभावना जताई। मामले की सूचना मिलने पर रात में नीलगंगा थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि हरीश 3 बच्चों की मां के घर से अलग रहता था। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत की वजह स्पष्ट हो पायेगी।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com